जबलपुर, मंगलवार 23 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -9 ■ वर्ष : 21, अंक : 52 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 34 न्यून. 24 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

लखनऊ की कोचिंग में आग का तांडव

कंप्यूटर व लाइब्रेरी साइंस की कोचिंग ले रहे थे 40 बच्चे, इनमें से 15 की जलकर मौत

आग में 15 'भविष्य' खाक

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 14 शवों को देखकर रो पड़े
- सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा रद्द करके लखनऊ पहुंचे
- फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका
- सीएम बोले- इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी

शवों को ऐसे निकाला

आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वे गंभीर घायल हो गए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वह घायल हो गए। एक युवक बिल्डिंग से कूदा तो नीचे लगी लोहे की ग्रिल पर आकर गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, 15 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी पहुंच गए हैं।

प्रधानमंत्री ने जताया दुख, आर्थिक मदद का ऐलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को आर्थिक राहत देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

ये विचलित करने वाला दृश्य था

1. कई छात्र सटे हुए गेमिंग जोन की इमारत की छत से जान बचाने कूदे
2. आग से बचने के लिए कुछ छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया
3. कई छात्र बिजली के तारों से लटककर नीचे उतरे
4. फंसे लोगों को निकालने के लिए बिल्डिंग की पीछे की दीवार तोड़ी गई
5. यहीं से एक-एक करके शवों को बाहर निकाला गया

हादसे से पहले इमारत

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

कुत्ते के हमले से घायल युवक की गई जान

जबलपुर। गोहलपुर इलाके में रविवार रात एक आवारा या पालतू कुत्ते के हमले में 33 वर्षीय चंदन कोल गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चंदन माढ़ोताल की कोल बस्ती का निवासी था।

स्कूल में फूड पॉइजनिंग 100 से अधिक बच्चे बीमार

इंदौर। झलारिया स्थित निजी स्कूल में दूषित भोजन खाने से 100 से अधिक बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। बच्चों को कैंटीन में बना राजमा, चावल, रोटी और चोलाई की सब्जी परोसी गई थी। नाराज अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

उज्जैन। नरवर क्षेत्र के सेमलिया फंटे के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। फोरलेन क्रॉस करते समय तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को रौंद दिया।

मप्र में यूसीसी पर मंथन तेज ▶▶ ड्राफ्ट कमेटी ने विभिन्न संगठनों, धर्मगुरुओं, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए

भाजपा के सुझाव: विवाह, संपत्ति और गोद लेने पर सभी के लिए समान लॉ हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा ने कहा कि यदि संतान अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करती है, तो संपत्ति हस्तांतरण निरस्त करने और भरण-पोषण राशि सीधे आय से काटने का प्रावधान होना चाहिए

मप्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य सरकार की ओर से गठित ड्राफ्ट कमेटी विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों से सुझाव लेकर मसौदा तैयार कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में समिति के सदस्यों ने विभिन्न संगठनों, धर्मगुरुओं, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी ने यूसीसी के लिए अपने विस्तृत सुझाव समिति को सौंपा है। राज्य सरकार ने पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति को यूसीसी का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। ड्राफ्ट समिति विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों का अध्ययन कर यूसीसी का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके बाद यह कानूनी रूप लेगा। भाजपा ने अपने 8 सुझावों में कहा कि समान नागरिक संहिता का मूल उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण जैसे व्यक्तिगत कानूनों में सभी नागरिकों के लिए समानता स्थापित करना होना चाहिए।

- *पारिवारिक विवादों का 6 महीने में निपटारा हो*
- *सुझावों का अध्ययन कर तैयार होगा प्रारूप*

ड्राफ्ट कमेटी के पदाधिकारी राजनीतिक दलों से सुझाव लेते हुए

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति को यूसीसी का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी

विवाह पंजीयन अनिवार्य हो, बाल विवाह अमान्य हो

भाजपा का मानना है कि विवाह और तलाक में विवाह की कानूनी आयु सभी धर्मों के पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम आयु (जैसे पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष) तय है।

बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार

पार्टी ने पैतृक और स्व-अर्जित संपत्ति में बेटा और बेटी दोनों को समान अधिकार देने की वकालत की है। साथ ही पति या पत्नी की मृत्यु के बाद जीवित जीवनसाथी के संपत्ति अधिकारों को भी समान और सुरक्षित बनाने का सुझाव दिया गया है।

महिलाओं को वैवाहिक संपत्ति में आधा हिस्सा

भाजपा ने तलाक की स्थिति में विवाह के बाद अर्जित संपत्ति पर पति-पत्नी दोनों का 50-50 प्रतिशत अधिकार सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा है। पार्टी का तर्क है कि इससे गृहिणियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे तलाक के बाद असुरक्षित नहीं होंगी। इससे घरेलू महिलाओं को तलाक के बाद बेघर या बेसहारा नहीं होना पड़ेगा। सुझावों में कहा गया है कि यदि संतान अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करती है।

चीता संरक्षण की ली जानकारी

राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से किया संवाद, उनके प्रयासों को सराहा

▶▶ *कूनो नेशनल पार्क में 49 चीते*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनकी ओर से चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किए जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके मानसेवी रूप से किए जा रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चर्चा करते हुए

सीएम ने महापौरों, नपा अध्यक्षों से किया वर्चुअल संवाद

डॉ. मुखर्जी को समर्पित होगा 23 जून से 6 जुलाई तक का पखवाड़ा

डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाना जरूरी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने वैचारिक राजनीति और संगठन निर्माण पर बल दिया और राष्ट्रहित को दलगत राजनीति से ऊपर रखने का संदेश दिया। ऐसे डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती 6 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जाए। डॉ. यादव ने नगरीय निकायों के महापौर तथा नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के जरिए वर्चुअल संवाद कर यह निर्देश दिए।

3 महीने में एक ही बार मिलेगी अनुमति

महाकालः भस्म आरती में वीआईपी कल्चर पर 'रोक'

यह पाबंदी आम भक्तों के साथ वीआईपी के लिए भी

उज्जैन। बाबा महाकाल की प्रसिद्ध भस्म आरती की बुकिंग में वीआईपी कल्चर और धांधली रोकने के लिए मंदिर समिति ने कड़ा कदम उठाया है। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु एक मोबाइल नंबर या पहचान पत्र से तीन महीने (90 दिन) में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। यह पाबंदी आम भक्तों के साथ-साथ प्रोटोकॉल (वीआईपी) से आने वाले लोगों पर भी समान रूप से लागू होगी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंदिर समिति ने इस व्यवस्था को दोबारा सख्ती से प्रभावी किया है। अब तक कई लोग प्रोटोकॉल का फायदा उठाकर हर महीने ऑनलाइन बुकिंग करा लेते थे, जिससे आम श्रद्धालुओं को मौका नहीं मिल पाता था।

छिंदवाड़ा में भीषण सड़क हादसा

ट्रक और पिकअप की टक्कर 6 की मौत, 20 मजदूर घायल

- पीछे से आ रहे ट्रक ने पिकअप को चपेट में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टेमनी खुर्द के पास यूरिया से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे।

घायलों को निकालते हुए

मौत की रफ्तार... 251 की स्पीड से भाग रही थी बीएमडब्ल्यू

30 मीटर दूर गिरा इंजन, एक घायल

डिवाइडर से टकराने के बाद टुकड़ों में बंट गई... 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ ठाणे

मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर बदलापुर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका इंजन घटनास्थल से करीब 30 मीटर दूर जा गिरा।

दुर्घटना के बाद बीएमडब्ल्यू

दो की मौके पर मौत

हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के मुताबिक मृतक योगेश नेगी (26) का जन्मदिन मनाने के बाद रेबेका जैकब (24) और कार मालिक अंगद के साथ तीनों बांद्रा लौट रहे थे।

घर का दरवाजा बाहर से बंद था, दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

गुना में तिहरे हत्याकांड की आशंका

बंद मकान से मिले महिला युवक और बुजुर्ग के शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस की टीम घटना स्थल पर जांच करती हुई

जिले के म्याना थाना क्षेत्र में एक बंद मकान से तीन सड़े-गले शव मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतकों में एक बुजुर्ग, एक महिला और एक अज्ञात युवक शामिल हैं। घर का दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण पुलिस इसे सीधे तौर पर तिहरे हत्याकांड से जोड़कर देख रही है। लगातार दो दिन मिले शव मामले का खुलासा तब हुआ जब रविवार को हनुमान मंदिर के पास स्थित एक मकान से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बाहर से बंद दरवाजा खोला तो अंदर 60 वर्षीय ओमप्रकाश शर्मा का क्षत-विक्षत शव मिला।

अजीब मौसम : नरसिंहपुर में लू चली, दतिया में पारा 42.2 डिग्री

अगले 4 दिन तक ऐसा ही मिला-जुला मौसम रहने का अनुमान

दक्षिण पश्चिमी मानसून का सिस्टम कुछ आगे बढ़ा दो दिन में स्थिति काफी हद तक 'स्पष्ट' हो सकेगी

- भोपाल संभाग सहित 3 दर्जन शहरों में बारिश तेज हवाएं चलीं
- छतरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में सोमवार को मौसम में बदलाव के साथ करीब तीन दर्जन शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश, बौछारों का दौर रहा। इधर, बंगाल की खाड़ी से भी अच्छी खबर है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून का सिस्टम कुछ आगे बढ़ा है। लेकिन प्रदेश में ऑनसेट के लिए अभी तारीख तय नहीं है। दो दिन में सिस्टम की स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो सकेगी। अगले चार दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

दोपहर 3:30 बजे हुई बारिश का दृश्य

आज यहां बारिश बौछारों का अलर्ट

मंगलवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, सागर, छतरपुर, मैहर, पांढुर्णा, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट है।

हे राम...

150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए

3 सदस्यीय टीम रविवार को मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची थी, तब मुलाकात नहीं हो सकी

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला और गहराया

एसआईटी ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट, टिन्नू समेत 80 लोगों पर लटकी एफआईआर की तलवार, अयोध्या से बाहर न जाने की पाबंदी लगाई

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां के राम मंदिर चंदा चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच पूरी हो गई है। वह सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपदेने की खबर है। बताया जा रहा है कि 3 सदस्यीय टीम रविवार को मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची थी, लेकिन एक जुड़ी बैठक के कारण वे नहीं मिल सके थे। जांच में 150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए हैं। जल्द ही एफआईआर की कार्यवाही शुरू हो सकती है। जांच टीम ने चंदा चोरी मामले में कई अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी।

सभी लोगों पर अलग-अलग आरोप

जांच रिपोर्ट में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के सहयोगी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और अनुकल्प मिश्रा समेत 80 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर हो सकती है। टिन्नू पर कई गंभीर आरोप हैं। जांच में गणना और चोरी के आंकड़े मेल नहीं खा रहे, जबकि सभी के बयान भी अलग-अलग हैं। मंदिर निर्माण समिति के गोपाल राव ट्रस्ट में नहीं थे, फिर भी अहम जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। सभी पर अलग-अलग आरोप हैं।

राय और ट्रस्टी मिश्रा पर लगा प्रतिबंध

एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है, उनको अयोध्या से बाहर न जाने को कहा है। इसमें चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि गोपाल राव कर्नाटक में हैं। हालांकि, ये नहीं पता कि उन्होंने कर्नाटक जाने से पहले एसआईटी को जानकारी दी थी या नहीं।

चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए और सीसीटीवी बढ़ाए गए

अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुए चढ़ावे की गिनती में गड़बड़ी और कथित चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच तेज कर दी गई है। जांच के दौरान दान की गिनती से जुड़े लगभग 40 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। चढ़ावे की गिनती में अनियमितताएं सामने आने के बाद बैंक और ट्रस्ट द्वारा लगभग 40 कर्मचारियों को गिनती के कार्य से हटाकर दूसरी जगह ड्यूटी पर लगा दिया गया है। नई व्यवस्थाः गणनास्थल पर सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर 3 से 4 कर दी गई है बैंक की ओर से नए गणना कर्मचारियों

हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग नहीं मानी

इस याचिका को लेकर हाईकोर्ट ने साफ किया कि किसी भी मामले को आउट-ऑफ-टर्न सुनवाई के लिए स्वीकार करने के लिए विशेष परिस्थितियों का होना आवश्यक है। अदालत ने साफ किया कि फिलहाल राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया है और एसआईटी की जांच लगभग पूरी

खबर संक्षेप

ओलंपिक डे पर आज चंडीगढ़ में महाकुंभ

चंडीगढ़। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम खेल भावना और ओलंपिक मूल्यों के रंग में रंगा नजर आएगा। हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। करण गिलहोत्रा व वाइस प्रेसिडेंट अनिल वोहरा करेंगे।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावः महायुति का डंका

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 17 में से 16 सीटें अपने नाम कर ली हैं। हालांकि, नासिक में सत्तारूढ़ गठबंधन की इस जीत में खलल पड़ा, जहां निर्दलीय प्रत्याशी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को हरा दिया। सोमवार को मतगणना के साथ समापन हुआ। भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।

मई में 159 दवा नमूने खरे नहीं उतरे

नई दिल्ली। देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ लगातार निगरानी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के लिए जारी मासिक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में कुल 159 दवा नमूनों को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' यानी मानक गुणवत्ता से कम पाया गया है।

अल्लू अर्जुन समेत 23 की 6 को होगी सुनवाई

मुंबई। पुष्पा 2' भगदड़ मामले में कोर्ट में अभिनेता अल्लू अर्जुन की वर्चुअल पेशी थी, लेकिन कोर्ट में इस केस की सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने अल्लू अर्जुन समेत केस के बाकी आरोपियों को अगली सुनवाई पर एक साथ पेश होने का आदेश दिया है। हैदराबाद में नामपल्ली क्रिमिनल कोर्ट ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई 6 जुलाई तक के लिए टाल दी।

मां को उतारा मौत के घाट, पिता भी घायल

मंडी। जिले के सुंदरनगर उपमंडल के जयदेवी क्षेत्र के गहरी गांव में रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद खूनी वारदात में बदल गया। शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान एक बेटे ने कथित तौर पर डंडे से हमला कर अपनी मां की निर्मम हत्या कर दी। पिता बीच-बचाव करने आए तो वे भी गंभीर घायल हो गए।

सुवेंदु सरकार का पहला बजट पेश

एक लाख भर्ती करेगी सरकार महिलाओं को देगी 33% आरक्षण

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। सुवेंदु अधिकारी सरकार में वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने बजट भाषण के दौरान कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी और इनमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों के 50,000 पद भरने और सिविक पुलिस, होम गार्ड व ग्रीन पुलिस की मासिक सैलरी में 2,000 र की बढ़ोतरी करने का भी ऐलान किया।

बजट में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का वेतन 5,000 जबकि मिड-डे मील रसोइयों का मासिक मानदेय 1,000 बढ़ाने की घोषणा की गई। स्वपन दासगुप्ता ने बंगाल पुलिस में पुलिस में 20 हजार भर्तियां करने और सरकारी स्कूलों में पैरा-टीचर्स की सैलरी हर महीने 5,000 रुपए बढ़ाने का भी ऐलान किया।

बजट के दौरान सीएम सुवेंदु अधिकारी

पत्रकारों को पेशन

विधायकों को विकास के लिए दिया जाने वाला फंड सालाना 70 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ किया गया। सेवानिवृत्त पत्रकारों को 5 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। जो भी पत्रकार राजनैतिक कारणों से जेल गया है, उसे 10 हजार पेंशन दी जाएगी। महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना 'अन्नपूर्णा योजना' के लिए 36,000 करोड़ आवंटित किए हैं।बंगाल के हर सब-डिविजन में महिला पुलिस स्टेशन होगा और हर पुलिस स्टेशन में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी।

नए एयरपोर्ट बनेंगे, कूचबिहार का विस्तार

केंद्र की उड़ान योजना के तहत पुरुलिया, बालुरघाट और मालदा में नए एयरपोर्ट बनेंगे और कूचबिहार एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। कोलकाता एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए बंगाल सरकार कल्याणी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए 1,000 एकड़ जमीन की पहचान करेगी। सरकार ने चिंगरीघाटा-न्यू टाउन एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए 900 करोड़ रुपए और भागीरथी नदी पर नए पुल के लिए 1,200 करोड़ आवंटित किए। बजट दस्तावेज को पढ़ते हुए, पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने मौजूदा 18 प्रतिशत के अतिरिक्त 20 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा की।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता, समस्याओं के समाधान पर दिया जोर

शिंदे ने कहा-हमने जीत का छक्का लगाया आदित्य ने कहा- ये बागी नहीं... बिकाऊ

शिंदे ने कहा कि मेरे पास अब 4 संजय

उद्धव गुट को दिया एक बड़ा सियासी झटका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर आखिर पूरा हुआ। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के 6 सांसदों को अपनी पार्टी में विलय का ऐलान करते हुए बताया कि इन लोगों ने पार्टी क्यों छोड़ी? शिंदे ने उद्धव के सिपहसालार संजय राउत पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अब मेरे पास तो 3-3 संजय हैं। संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख और संजय जाधव। चौथे हैं संजय राठौड़। इसलिए किसी और की बात करने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर उन्होंने 'ऑपरेशन टाइगर' का सच बताया।

हमने छक्का लगा दिया है। शिंदे ने कहा कि जब मैं सीएम था, तो मैंने एक कार्यकर्ता की तरह व्यवहार किया और आज भी मैं एक कार्यकर्ता की तरह ही काम करता हूं। मैं इन सभी 6 सांसदों से कहना चाहता हूं कि उन्हें भी आम कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार करना होगा और हम उनके साथ भी सभी का सम्मान करेंगे. हमारे मंत्री आपके साथ बैठकर आपके निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। मैं हमेशा कहता हूं कि कोई भी काम मैं अधूरा नहीं छोड़ता. ऑपरेशन टाइगर आपके सामने सफल हुआ।

एकनाथ शिंदे

आदित्य ठाकरे

भाजपा ने टूटने की बताई वजह

हिंदुत्व की राह से भटके उद्धव ठाकरे

शिवसेना यूबीटी अपने सांसदों के संभावित दलबदल को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। अब इस पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व की राह से भटक गए हैं और इसी वजह से उनकी पार्टी में टूट हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, हिंदुत्व की राह से भटकी और कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बन गई।

उद्धव 27 से करेंगे अब सीधा संवाद

सियासी संकट के बीच उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने का फैसला किया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत द्वारा साझा कार्यक्रम के मअनुसार उद्धव ठाकरे 27 जून से महाराष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। वह यवतमाल, वाशिम, हिंगोली, परभणी, धाराशिव और शिरडी का दौरा करेंगे।

उद्धव ठाकरे

वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहुंचे मुंबई

इससे पहले उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ने वाले 6 सांसद वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहली बार एक साथ मुंबई पहुंचे। सोमवार दोपहर 2 बजे इन सभी 6 सांसदों ने नंदनवन आवास पर शिंदे से मुलाकात की और चर्चा की। इसके बाद, यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी में प्रवेश किया और ऐलान किया कि वे अब शिंदे के नेतृत्व में काम करेंगे।

प्रेग्नेंट थे शिंदे, 6 गद्दार सांसदों को दिया जन्म

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि शिंदे प्रेग्नेंट हैं और उन्होंने छह गद्दार सांसदों को जन्म दिया है। उद्धव गुट के 6बागी सांसदों ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है, जिससे उद्धव गुट के नेता भड़क गए। राउत ने सोमवार को अपनी पार्टी के बागी विधायकों, जिनमें ओमराजे निंबालकर भी शामिल हैं, पर निशाना साधा और उन्हें गद्दार कहा।

संजय राउत

संजय को जवाब-शिवसेना को बढ़ाने एकजुट हो गए

संजय राउत को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि कुछ लोग उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम यहां किसी को रोकने या कुचलने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिवसेना को बढ़ाने के लिए एकजुट हुए हैं। हम किसी के काम में दखल नहीं देते, इसलिए कोई हमारे काम में भी टांग न अड़ाए। हमारे लिए हिंदुत्व की विचारधारा सबसे अहम है और विकास ही हमारा एजेंडा है।

कांग्रेस ने साधा निशाना

ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ बताया

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी में मची फूट के बाद देश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खेमे को और कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ करार दिया है।

पवन खेड़ा

राजधानी के जंतर मंतर पर सियासी हलचल

परीक्षा लीक और शिक्षा मंत्री का इस्तीफे का मुद्दा और गहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट यूजी 2026 पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। पुलिस के साथ नोकझोंक, प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने के बाद धरना जारी रहने, बिजली पानी की आपूर्ति पर विवाद और कैंडल मार्च की घोषणा इस आंदोलन को लगातार चर्चा में बनाए हुए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने व्यवस्था पर उठाया सवाल

दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद अभिजीत दीपके अपने समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। प्रदर्शन की शुरुआत शांतिपूर्ण तरीके से हुई, जहां बड़ी संख्या में युवा, छात्र और अभिभावक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग उठाई।

किसानों के शामिल होने की भी चर्चा

आंदोलन को लेकर आने वाले दिनों में सियासी और सामाजिक हलचल और तेज हो सकती है। दीपके ने संकेत दिया है कि अब इस अभियान को बड़े स्तर पर ले जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के लिए विभिन्न किसान संगठनों से संपर्क किया जा रहा है और उन्हें भी इस मुहिम से जोड़ने की रणनीति बनाई गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने निपटाई याचिका

प. एशियाई देशों के निजी छात्रों के लिए मूल्यांकन नीति तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें खाड़ी देशों में परीक्षा रद्द होने से प्रभावित सीबीएसई कक्षा 12 के एक प्राइवेट अभ्यर्थी के परिणाम को लेकर शिकायत की गई थी। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय नीति अधिसूचित कर दी गई है। सुनवाई न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ कर रही थी। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि पश्चिम एशिया के देशों में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण रद्द हुई परीक्षाओं से प्रभावित छात्रों के लिए नई अखिल भारतीय नीति तैयार की गई है।

सऊदी अरब के छात्र ने दाखिल की थी याचिकाः यह याचिका सऊदी अरब के अल जुबैल निवासी प्रांसु जिगरकुमार पटेल ने दायर की थी। वह सीबीएसई कक्षा 12 सुधार परीक्षा के प्राइवेट अभ्यर्थी थे।

रेल मंत्रालय ने की घोषणा

ईस्ट कोस्ट रेलवे के 631 रूट किमी में अब 'कवच' से सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार ने ईस्ट कोस्ट रेलवे नेटवर्क के 631 किमी (आरकेएम) मार्ग पर स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने को मंजूरी दे दी है। इस पर करीब 270 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

यह परियोजना ईस्ट कोस्ट रेलवे के 6 महत्वपूर्ण रेल सेक्शन्स को कवर करेगी, जिनमें बाघुआपाल-बुढ़ापंक, हरिदासपुर-पारादीप, खुर्दा रोड-बलांगीर, नौपाड़ा-गुनुपुर, लांजीगढ़ रोड-जूनागढ़ और बोब्बिली-सलूर रेल सेक्शन शामिल हैं। यह सपरियोजना रेलवे के उस बड़े कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके तहत पूरे रेल नेटवर्क पर एलटीई-आधारित संचार व्यवस्था के साथ 'कवच' प्रणाली लागू की जा रही है। 'यह भारत में विकसित की गई स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है।

नगरासू गुरुद्वारा विवाद

2 और निहंग नीचे उतरे, अब अंदर 4 ही मौजूद, पहरा बढ़ा

निहंगों पर कार्रवाई करती पुलिस

एजेंसी ▶▶ नगरासू

गुरुद्वारे की तीसरी मंजिल पर डटे निहंगों में से दो और निहंग नीचे उतर आए हैं। नीचे उतरे 2निहंगों में से एक की पहचान परमवीर सिंह (33 वर्ष), निवासी ग्राम मलकपुर, जिला रूपनगर (रूपड़), पंजाब और दूसरे की जगनदीप के रूप में हुई है।

एक निहंग रविवार को ही उतर गया है। 3निहंगों के उतरने के बाद अब गुरुद्वारे के अंदर 4हिंग मौजूद हैं। गुरुद्वारे में शनिवार शाम से शुरू हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा रविवार शाम करीब 27 घंटे बाद कुछ हद तक शांत हुआ था। जिला प्रशासन और निहंगों के बीच वार्ता हुई, लेकिन ठोस समाधान नहीं निकल सका। रविवार शाम प्रशासन की ओर से दोबारा बातचीत किए जाने के बाद बंधक बनाए गए सेवादार नवतेज सिंह को भी रिहा कर दिया गया था। एक निहंग भी नीचे उतर आए।

नीट री-एग्जाम में भी बड़ा फर्जीवाड़ा आया सामने

40 लाख में हुई थी लखीसराय में डील, 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा रहे

छात्र की जगह परीक्षा देने बैठे डॉक्टर, 24 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ लखीसराय

नीट री-एग्जाम के दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद गैंग के सरगना समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि असली अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों से 30 से 40 लाख रुपए तक की डील की गई थी। गिरफ्तार लोगों में बीएमसीएच , गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और वीएचयूके छात्र भी शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करने वाली कंपनी के 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा बताए जा रहे हैं।

बायोमीट्रिक कंपनी के कर्मचारी भी गिरफ्तार

इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू बायोमेट्रिक जांच करने वाली कंपनी के कर्मचारियों की गिरफ्तारी है। पुलिस ने कंपनी के 14 कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि उनकी मदद से फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाने की कोशिश की गई। अगर जांच में यह आरोप सही साबित होता है तो यह परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया गया

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके लिए 30 से 40 लाख रुपए तक की डील तय की गई थी। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा पैसे का लेन-देन किस तरीके से किया गया था?

हैदराबाद में नकल करते पकड़ा गया छात्र, टॉयलेट में रखा था मोबाइल

नीट पुनर्परीक्षा के दौरान हैदराबाद में एक अभ्यर्थी को कथित रूप से अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय छात्र परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन की मदद से उत्तर खोज रहा था। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया और उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। छात्र अचंपेट का रहने वाला है और 21 जून को आदिबाटला थाना क्षेत्र के रगन्नागुडा स्थित जिला परिषद हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने पहुंचा था।

ब्रिटिश पीएम स्टार्मर का इस्तीफा, कहा- देश हित में फैसला, बर्नहैम ने पेश की दावेदारी

100 से ज्यादा सांसद विरोध में थे

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने सोमवार को पीएम और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी को नहीं लगता कि मैं अगले चुनाव में नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हूं।

स्टार्मर का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब लेबर पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व को लेकर लंबे समय से असंतोष बढ़ रहा था। लेबर पार्टी के 400 सांसदों में से 100 से ज्यादा सांसदों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था।

9 जुलाई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

लेबर पार्टी का ही नेता होगा अगला पीएम

कीर स्टार्मर सोमवार सुबह 10 डाउनिंग स्ट्रीट से पद छोड़ने का ऐलान करते हुए

17 जुलाई तक नया पीएम मिलेगा

स्टार्मर ने कहा कि लेबर पार्टी जुलाई के मध्य तक अपना नया नेता चुन लेगी। नए नेता और पीएम के चुने जाने तक वह अपने पद पर बने रहेंगे। स्टार्मर ने बताया कि उन्होंने सोमवार सुबह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय को अपने फैसले की जानकारी दे दी। अब लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति नए नेता के चुनाव का कार्यक्रम तय करेगी। इसके तहत 9 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 17 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले नए नेता का चुनाव पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

बार-बार पीएम बदलने की वजह संसदीय व्यवस्था

ब्रिटेन में पीएम बार-बार बदलने की बड़ी वजह वहां की संसदीय व्यवस्था है। ब्रिटेन में जनता सीधे पीएम नहीं चुनती। लोग अपने-अपने क्षेत्र से सांसद चुनते हैं। जिस पार्टी के पास संसद में बहुमत होता है, उसी पार्टी का नेता पीएम बनता है। कंजर्वेटिव पार्टी में अगर 15% सांसद किसी नेता के खिलाफ चिट्ठी लिख दें, तो उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। वहीं, लेबर पार्टी में कोई दूसरा नेता तब दावेदारी पेश कर सकता है, जब उसे पार्टी के 20% से ज्यादा सांसदों और सदस्यों का समर्थन मिल जाए।

दावेदारी में सबसे आगे पूर्व मंत्री एंडी बर्नहैम

स्टार्मर के खिलाफ रहे एंडी बर्नहैम ने लेबर पार्टी के नेता और पीएम पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने भी बर्नहम का समर्थन किया है। बर्नहैम ने हाल ही में मेकरफील्ड उपचुनाव जीतकर संसद में वापसी की है और उन्हें लेबर सांसदों के बड़े वर्ग का समर्थन है। उन्हें पार्टी के लेफ्ट और सेंट्रिस्ट दोनों गुटों का समर्थन हासिल है। बर्नहैम पहले स्वास्थ्य मंत्री समेत कई अहम सरकारी पद संभाल चुके हैं। नेतृत्व को चुनौती देने का रास्ता साफ हो गया है। उन्हें 'किंग ऑफ द नॉर्थ' के नाम से भी जाना जाता है।

एंजेला रेनर सहित कई और संभावित नाम

वेस स्ट्रीटिंग, एंजेला रेनर, शबाना महमूद और यवेट कूपर जैसे नाम भी संभावित दावेदारों में गिने जा रहे हैं। एंजेला रेनर फिलहाल लेबर पार्टी की उपनेता हैं और पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। वेस स्ट्रीटिंग, लेबर सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे थे हाल ही में उन्होंने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। एंजेला रेनर पूर्व डिप्टी पीएम रह चुकी हैं। यवेट कूपर को अनुभवी नेता माना जाता है और उन्होंने कई अहम सरकारी पद संभाले हैं। शबाना महमूद ब्रिटेन की मौजूदा गृह मंत्री हैं।

महंगाई और विकास नहीं होने से नाराजगी

हाल ही में इंग्लैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड के स्थानीय और क्षेत्रीय चुनावों में लेबर पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। 2024 में सत्ता में आने पर, जनता को स्टार्मर सरकार से अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं, जैसे- नेशनल हेल्थ सर्विस में सुधार की बहुत उम्मीदें थीं। जो पूरी नहीं हुईं। महंगाई, महंगे आवास और कमजोर आर्थिक विकास की वजह से आम मतदाताओं में भारी निराशा है। स्टार्मर की सरकार को कई विवादास्पद फैसलों जैसे कि शीतकालीन ईंधन भत्ते में कटौती और कल्याणकारी सुधारों पर जनता के विरोध के बाद अपने फैसले वापस लेने पड़े।

खबर संक्षेप

थदोई युमनाम बनीं मिस यूनिवर्स मणिपुर 2026

इंफाल। मणिपुर की थदोई युमनाम ने मिस यूनिवर्स मणिपुर 2026 का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ अब थदोई युमनाम मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में मणिपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो जुलाई में आयोजित होने वाला है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों से आई 20 फाइनलिस्ट्स ने हिस्सा लिया। यह इवेंट सिर्फ खूबसूरती ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, लीडरशिप और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता को भी बढ़ावा देने वाला रहा।

जर्मनी में अब 70 साल में होगा रिटायरमेंट

बर्लिन। जर्मन सरकार पेंशन सिस्टम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के तहत रिटायरमेंट की उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल की जा सकती है। साथ ही 45 साल तक पेंशन फंड में योगदान देने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली अर्ली रिटायरमेंट सुविधा भी समाप्त की जा सकती है। जर्मन के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और श्रम मंत्री बार्बेल बास द्वारा गठित आयोग मंगलवार को अपनी सिफारिशें पेश करेगा। आयोग ने सुझाव दिया है कि रिटायरमेंट की उम्र को जीवन प्रत्याशा से जोड़ा जाए।

कतर की फैक्ट्री में धमाका भारतीय सहित 13 की मौत

नई दिल्ली। कतर के रास लफ्फान एलएनजी कॉम्प्लेक्स में हुए भीषण धमाके में भारतीयों समेत 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 66 लोग घायल बताए जा रहे हैं। भारतीय दूतावास ने भी इस घटना पर चिंता जताई है। ये हादसा उस समय हुआ जब ईरानी मिसाइल हमले से प्रभावित गैस फैसिलिटी में काम दोबारा शुरू किया जा रहा था। कतर के ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने इस हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ लोगों के लापता होने की भी जानकारी है।

फिलीपींस के स्कूल में गोलीबारी, 3 की मौत

मनीला। फिलीपींस के एक हाई स्कूल में सोमवार को हुई गोलीबारी में तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दो लोगों ने टैकलोबान सिटी के सैन जोस नेशनल हाई स्कूल में गोलीबारी की। पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक इसी स्कूल का छात्र है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गोलीबारी की वजह क्या थी और हमलावरों ने इस घटना को क्यों अंजाम दिया।

मंगोलिया पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

मंगोलिया के राष्ट्रपति बोले-सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती

द्विपक्षीय बैठकों में खनन, ऊर्जा और सुरक्षा पर बनी नई रणनीति

जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं

राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मिले जयशंकर

एजेंसी ▶▶ उलानबाटर

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सोमवार को मंगोलिया पहुंचे। उन्होंने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं। मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूं कि सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती होती है। बता दें, यह यात्रा 13 अक्टूबर 2025 को मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत यात्रा के दौरान जयशंकर से मुलाकात के कुछ महीनों बाद हो रही है। इस बातचीत को द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री की यह यात्रा क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को बढ़ावा देने के बीच एशिया के प्रमुख साझेदार देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को दोनों देश देंगे बढ़ावा

मंगोलिया की विदेश मंत्री बैटसेटसेग बैटमुंख से मिले एस जयशंकर

भारत-मंगोलिया रिश्तों की गर्मजोशी पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने समकक्ष बैटसेटसेग बैटमुंख के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण में नए अवसरों को लेकर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें बैटमुंख से मिलकर खुशी हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमारी बातचीत में हमारी रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाएं साफ दिखाई दीं। हमने विकास परियोजनाओं, कौशल विकास, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।

कृषि क्षेत्र में नए अवसरों पर चर्चा

दोनों नेताओं ने खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में नए अवसरों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि एक तीसरे पड़ोसी और आध्यात्मिक साझेदार के रूप में भारत, मंगोलिया के साथ अपने करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, मंगोलिया के विदेश मंत्रालय के राज्य सचिव मुंकतुशिग इलखानाजव ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य सचिव मुंकतुशिग इलखानाजव को धन्यवाद। हमें आशा है हमारी खास साझेदारी और आगे बढ़ेगी।

दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और मंगोलिया सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित घनिष्ठ संबंध साझा करते हैं। बता दें, भारत और मंगोलिया ने 24 दिसंबर 1955 को राजनयिक संबंध स्थापित किए। मंगोलिया ने अगले वर्ष नई दिल्ली में अपना दूतावास खोला जबकि भारत ने 22 फरवरी 1971 को उलानबटार में अपना रेजिडेंट मिशन खोला। भारत की पहल से राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के स्थिर विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ।

बुधवार को दक्षिण कोरिया दौरे पर रहेंगे जयशंकर

मंगोलिया से जयशंकर अपनी दो-दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया जाएंगे। जहां सियोल में वह अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ह्यून के साथ बातचीत करेंगे। वह गुरुवार को को जेजू में जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी में मुख्य भाषण भी देंगे। बता दें कि जेजू फोरम दुनिया के मौजूदा अहम मुद्दों पर चर्चा का एक प्रमुख मंच है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के नेता और विशेषज्ञ हिस्सा लेते हैं।

भारत-ईयू एफटीए पर मंत्री गोयल बोले

दिसंबर तक होंगे हस्ताक्षर मार्च 2027 तक होगा लागू

मदर आफ ऑल डील्स है यह समझौता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच लंबे समय से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर 2026 तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और यह फरवरी-मार्च 2027 तक लागू हो सकता है। मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में व्यापक पहुंच प्रदान करेगा और कई वस्तुओं पर शुल्क में कमी आने से भारतीय निर्यात को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लगभग शून्य शुल्क के साथ हमारे लिए लगभग पूरा यूरोपीय बाजार खुल जाएगा। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए दिसंबर तक हस्ताक्षरित हो जाएगा और फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा। भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ ने इस वर्ष 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ताओं के सफल समापन की घोषणा की थी। पीयूष गोयल ने इस समझौते को पहले 'सभी समझौतों की जननी (मदर आफ ऑल डील्स) बताया था।

भारत की पहुंच पूरे यूरोपीय बाजार तक

भारत का 93% निर्यात शुल्क मुक्त रहेगा

प्रस्तावित समझौते के तहत भारत के लगभग 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की संभावना है। इससे वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न एवं आभूषण तथा कृषि क्षेत्र सहित कई उद्योगों को लाभ होगा। गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है और दुनिया के कई देश भारत के साथ अपने आर्थिक संबंध मजबूत करने के इच्छुक हैं। गोयल ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि विकास और विरासत दोनों साथ-साथ चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि देश को विकास भी चाहिए और अपनी विरासत भी। दुनिया का कोई भी देश अपनी संस्कृति, परंपराओं और धरोहर को संरक्षित किए बिना विकसित राष्ट्र नहीं बन पाया है।

भारत संग इस सप्ताह कई दौर की वार्ता: गोर

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई दौर की बैठकें करेंगे। गोर ने कहा कि नई दिल्ली में राजदूत ग्रीर का स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई बैठकें निर्धारित हैं। मंत्रिस्तरीय स्तर की यह बैठक भारत और अमेरिका के बीच चल रही अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत का हिस्सा है। जिससे दोनों देशों के बीच भविष्य में समझौता होगा।

खाड़ी में गूंजेगा स्वदेशी डंका

ब्रह्मोस और आकाशतीर को लेकर यूएई करेगा भारत संग सैन्य डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच रक्षा सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूएई ने भारत की प्रमुख रक्षा प्रणालियों ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाशतीर एयर डिफेंस नेटवर्क में रुचि दिखाई है। यदि यह सौदा सफल होता है, तो यूएई ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला चौथा विदेशी देश बन जाएगा। दोनों देशों के बीच बातचीत शुरुआती चरण में है, लेकिन इसे तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। हाल के मध्य-पूर्वी तनाव और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों के बीच यूएई अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यूएई ने ब्रह्मोस के अलावा भारत के स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम में भी दिलचस्पी दिखाई है।

माता खीर भवानी मंदिर पहुंची महबूबा मुफ्ती

बोलीं- पुरानी बातें भूलकर आगे बढ़ें कश्मीरी पंडितों को दी जाएं सुविधाएं

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के तुलमुल्ला में सोमवार को माता खीर भवानी मंदिर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती पहुंची है। यहां सालाना मेले के दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि हमारे कश्मीरी पंडित भाई-बहनों को यहां (माता खीर भवानी मंदिर) आते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्हें भविष्य की ओर देखना चाहिए और अतीत में जो हुआ उसे भूल जाना चाहिए। मेरा मानना है कि युवा कश्मीरी पंडित डॉक्टरों को कश्मीर आना चाहिए और यहां के लोगों से जुड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार को उन्हें सुविधाएं देनी चाहिए। भाईचारा बनाए रखा जाना चाहिए। जो ताकतें कश्मीरी पंडितों की मुश्किलों का फायदा उठाना चाहती हैं, उन्हें किनारे कर देना चाहिए।

लाहौल स्पीति में बर्फबारी से खुश हुए पर्यटक

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड बढ़ी

मनाली। गर्मियों में सर्दियों का एहसास लेने के लिए कुल्लू मनाली चले आएं। यहां जून महीने में लगातार हिमपात का क्रम जारी है। रविवार देर रात से रोहतांग सहित शिंकुला और बारालाचा दर्रे में रुक-रुक कर हिमपात हो रहा है। जून महीने में हिमपात से पर्यटन कारोबारियों सहित पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं। पर्यटक बर्फ के फाहों में झूम रहे हैं। रोहतांग और लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ठंडा हो गया है। मैदानी इलाकों में भी बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल के मशहूर पर्यटन स्थल शिंकुला व बारालाचा दर्रे में रविवार रात से हिमपात हो रहा है। हालांकि सभी दर्रे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल है, लेकिन हिमपात होने से ठंड बढ़ गई है। शिंकुला व बारालाचा दर्रे सैलानियों के स्नो प्वाइंट बने हुए हैं।

अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में सहमति को लेकर अभी भी भ्रम

पाक पीएम बोले- वार्ता सफल रही, ईरान का दावा- कई मुद्दे सुलझे नहीं

60 दिनों के भीतर अंतिम समझौता करने का लक्ष्य

लेबनान में युद्धविराम पर अलग से होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर स्विट्जरलैंड में आयोजित लेक लूसर्न समिट के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री जेडी वेंस, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी उपस्थित रहे। बैठक के बाद पीएम शरीफ ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता सफल रही। शहबाज शरीफ ने कहा कि दोनों पक्ष अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा राजनीतिक स्तर पर निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाने और आगे तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू करने का भी फैसला हुआ है। वहीं, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी एजेंसी ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल के करीबी सूत्र के हवाले से यह दावा किया है कि स्विट्जरलैंड में अब तक ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। कई मुद्दे सुलझे नहीं हैं। हालांकि, पूरे सप्ताह बर्गेनस्टॉक में तकनीकी स्तर की वार्ताएं जारी रहेंगी।

जेडी वेंस, शहबाज शरीफ और शेख अल थानी

अमेरिका-ईरान के बीच सीधा संपर्क होगा

बैठक के बाद बताया गया है कि दोनों देशों के बीच एक सीधा संपर्क तंत्र (हॉटलाइन जैसी व्यवस्था) बनाया जाएगा। अगर कोई तनाव या गलतफहमी पैदा होती है तो दोनों पक्ष सीधे बात कर सकेंगे। हॉटलाइन जैसी व्यवस्था बनाने का एक बड़ा मकसद यह भी है कि होर्मुज से गुजरने वाले तेल और व्यापारिक जहाज सुरक्षित रहें और किसी टकराव का शिकार न हों। लेबनान में संघर्ष दोबारा न बढ़े, इसके लिए एक डी-कॉन्फ्लिक्शन सेल बनाया जाएगा। यह व्यवस्था युद्धविराम के पालन पर नजर रखेगी और किसी भी तनाव को बढ़ने से रोकने की कोशिश करेगी।

ट्रंप के इशारों पर काम नहीं करता: नेतन्याहू

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि लोग यह समझते हैं कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर काम करते हैं, लेकिन यह सच नहीं है। यरुशलम में आयोजित एक समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में लोग कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप वही करते हैं जो मैं उनसे कहता हूं। वहीं इजराइल में कुछ लोग सोचते हैं कि मैं वही करता हूं जो ट्रंप चाहते हैं। लेकिन दोनों ही बातें गलत हैं।

ओपनएआई से पद छोड़ भारत लौटे अनदकट

कहा- देश में बनाएंगे दुनिया बदलने वाला एआई, यहां टैलेंट की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया की दिग्गज कंपनी ओपनएआई में काम कर चुके श्यामल अनदकट वापस भारत लौट आए हैं। श्यामल ने ओपनएआई में करीब चार साल बिताए और सैन फ्रांसिस्को के बे एरिया ऑफिस से कंपनी की एप्लाइड इवैल्स टीम का नेतृत्व किया। अनदकट ने कहा कि भारत लौटना कोई नुकसानदेह फैसला नहीं है। वे अब भारत से एआई का भविष्य तय करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ओपनएआई में लगभग चार साल काम करने के बाद, मैं इस साल की शुरुआत में बे एरिया से भारत आ गया हूं। मेरा अभी भी यह दृढ़ विश्वास है कि सुपरइंटेलिजेंस विज्ञान को तेजी से आगे बढ़ाएगा और यह सभी के लिए फायदेमंद होगा। भारत लौटने का एक बड़ा कारण यहां के इकोसिस्टम से उनका जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि भारत में टैलेंट या मौकों की कोई कमी नहीं है, बल्कि इस बात पर विश्वास की कमी है कि दुनिया को बदलने वाली कंपनियां दुनिया के किसी भी कोने से बनाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिस चीज की कमी है।

डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

मुंबई। हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

लाइफ Style

रश्मिका

सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल'का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।

हॉलीवुड मसाला

टीवी को दिए 50 से ज्यादा

हिट शोज

नई दिल्ली। दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।

प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं। यह फोटो दिखाती है कि दोनों साथ में कितना अच्छा समय बिता रहे हैं।

हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

नई दिल्ली। सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'



या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश...

नई दिल्ली। नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूज़िक में, बल्कि वीडियो के विजुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विजुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूज़िक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं।

टीवी मसाला

जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार

नई दिल्ली। देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं। दरअसल, जाकिर के आखिरी शो में पिता ने सरप्राइज एंट्री मारी और बेटे के शो का अंत किया। जाकिर खान का शो एसवीपी डोम स्टेडियम में हुआ था, जिसके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शो खत्म होने से कुछ ही पल पहले जाकिर खान के पिता अचानक स्टेज पर आते हैं। पिता को देख जाकिर भावुक हो गए और उन्हें गर्मजोशी से गले लगा लिया। दोनों के इस दिल को छू लेने वाले पल को देख दर्शकों से खचाखच भरा स्टेडियम जोरदार तालियों और चियर्स से गूंज उठा। जाकिर खान के पिता मशहूर सितारवादक उस्ताद इस्माइल खान हैं। उन्होंने बेटे के आखिरी शो को एक शानदार और भावुक अंत दिया, जिसे देख हर किसी का दिल पिघल गया। जाकिर खान के भी आंसू छलक पड़े। यह सरप्राइज और भी खास इसलिए बन गया क्योंकि यह फादर्स डे के मौके पर था। फैंस जाकिर के पिता की परफॉर्मेंस का क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं और उनका कहना है कि फादर्स डे पर जाकिर के पिता का उनके आखिरी शो में सितार बजाने से ज्यादा इमोशनल कुछ था।

सुनील का समय पर चढ़ा पारा

नई दिल्ली। स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना इन दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' को लेकर चर्चा में हैं। सुनील पाल ने समय रैना के उस भद्दे मजाक का करारा जवाब दिया है, जब उन्होंने कपिल शर्मा के शो पर सवाल किया था- आप ब्रश क्यों नहीं करते? अब सुनील पाल ने उसी अंदाज में उन्हें तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील और समय का आमना-सामना हुआ था, जब सुनील ने समय की कॉमेडी शैली पर अपनी आपत्ति जताई थी। इसी शो का वो क्लिप दिखाया गया है जिसमें समय सुनील पाल से समय कहते दिख रहे हैं- मुझे आपसे कोई दिक्कत नहीं सर, बस एक ही है, आप ब्रश क्यों नहीं करते हैं?' उन्होंने समय रैना पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पुराने अंदाज में कहा, 'मैं तुम्हें समय रैना सिर्फ इसलिए माफ करता हूं क्योंकि तुम्हारा शो रात में आता है और तुम्हारे नाम का मतलब ही रात है।

अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...



मुंबई। अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस, मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।

27 साल पुराने सॉन्ग को सुन आ जाता है 'प्यार का मौसम'

अलका ने मनहार संग मिलकर गाया था कल्ट गाना

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्हें नाम और पहचान तो खूब मिली लेकिन वक्त के साथ उन्हें भुला दिया गया। किसी स्टार ने पर्दे पर हीरो बनकर दिल जीता तो किसी ने अपनी गायिकी से लोगों को अपना दीवाना बनाया। एक ऐसे ही सिंगर सिनेमा में आए जिनके भाई की आवाज ने लोगों को खूब इमोशनल किया तो वहीं इनकी आवाज भी दशकों तक सुनी जाती रही और इन्हीं का एक गाना इतना कल्ट हुआ कि जिसे आज भी लोग खूब सुनते हैं।

कौन सा है वो गाना? : अब यूं तो इस दिग्गज सिंगर के कई गाने हिट रहे, लेकिन एक ऐसा गाना भी आया, जिसने आशिकों के दिलों पर खूब राज किया और इस गाने का नाम है मौसम। जी हां, साल 1999 में आई फिल्म 'जानवर' का गाना 'मौसम की तरह तुम भी बदल तो ना जाओगे' वही गाना था, जिसने लोगों के दिलों में प्यार की एक नई बहार पैदा की थी। इस गाने को आज भी सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते हुए देखा जाता है। गाने में अक्षय कुमार और करिश्मा कपूर नजर आए थे। अक्षय और करिश्मा की केमिस्ट्री इस गाने में काफी पसंद की गई थी और यह गाना उन कल्ट गानों में से है, जो अक्सर ट्रकों में सुनाई दे जाता है।

पंकज उदास के बड़े भाई ने दी आवाज

इस गाने को अलका याज्ञनिक और मनहार उदास ने साथ में मिलकर गाया था। गाने की शुरुआत अलका की आवाज से होती है। उस दौर में अलका लगभग हर दूसरे गाने की आवाज बना करती थीं। वहीं, अक्सर लोगों को लगता है कि इस गाने को कुमार सानू या उदित नारायण ने आवाज दी थी, लेकिन असल में गाना पंकज उदास के बड़े भाई मनहार उदास ने गाया था।

आनंद-मिलिंद ने दिया था संगीत

उनकी आवाज में यह गाना खूब पसंद किया गया। हालांकि, उस दौर में मनहार उदास के कई गाने ऐसे थे, जो खूब पसंद किए गए थे और यह गाना उन्हीं में से एक था। इस गाने का संगीत आनंद-मिलिंद ने दिया था तो वहीं इसे समीर ने लिखा था। आपको बता दें कि फिल्म 'जानवर' को सुनील दर्शन ने बनाया था और फिल्म में करिश्मा-अक्षय के साथ कादर खान, शिल्पा शेट्टी और कई सितारे नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

दमदार किरदार से यादगार डॉयलाग्स तक...

बुलंद आवाज के बल पर अमरीश बने भारतीय सिनेमा के सबसे पॉपुलर विलेन

नई दिल्ली। अमरीश पूरी ने अपने कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की थी। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई साल तक नौकरी की। 80 के दशक में फिल्मों में आने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने बेहतरीन अभिनय और बुलंद आवाज से उन्होंने खलनायकों को हिंदी सिनेमा में एक खास पहचान दिलवाई।

किरदारों से बनाई अलग पहचान

कभी किसी गुफा जैसे अड्डे में बैठकर दुनिया जीतने का सपना देखने वाला मोगैंबो, कभी रेगिस्तान की हवेली में आतंक का दूसरा नाम बना ठाकुर दुर्जन सिंह, तो कभी 'जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी'कहकर करोड़ों दिलों को भावुक कर देने वाला एक पिता। अमरीश पुरी सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदे कलाकारों में से थे, जिन्होंने हर किरदार को अपनी मौजूदगी से यादगार बना दिया। उनकी गूंजती हुई आवाज, आंखों में उतरता खौफ और स्क्रीन पर छा जाने वाला व्यक्तित्व ऐसा था कि कई बार दर्शक फिल्म के हीरो से ज्यादा उनके किरदार को याद रखते थे। आइए उनके जन्मदिन पर नजर डालते हैं अमरीश पुरी के कुछ ऐतिहासिक किरदार और डॉयलाग्स पर।

मोगैंबो- मिस्टर इंडिया

गोल्डन मिलिटरी यूनिफॉर्म, रहस्यमयी अड्डा और दुनिया पर राज करने का सपना। मोगैंबो भारतीय सिनेमा का शायद सबसे पॉपुलर विलेन है। अमरीश पुरी ने इस किरदार को जिस अंदाज में जिया, उसने उसे फिल्मी इतिहास का हिस्सा बना दिया। आज भी 'मोगैंबो खुश हुआ' सुनते ही सबसे पहले उनका चेहरा सामने आ जाता है।

बलवंत राय- घायल

पैसे और सत्ता के नशे में चूर बलवंत राय उस दौर के सबसे ताकतवर खलनायकों में से एक था। यह किरदार सिर्फ हिंसक नहीं था, बल्कि व्यवस्था की उस सच्चाई को भी दिखाता था, जहां दौलत और ताकत कानून से ऊपर नजर आते हैं। अमरीश पुरी की दमदार एक्टिंग ने इस किरदार को यादगार बना दिया।

मोला राम- इंडियाना जोन्स एंड दी टेंपल ऑफ डूम

हॉलीवुड की दुनिया में अमरीश पुरी की पहचान मोला राम से बनी। रहस्यमयी धार्मिक रिवाज, डरावनी पर्सनालिटी और खौफनाक आंखें। यह किरदार आज भी वर्ल्ड सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायकों में गिना जाता है। इस भूमिका ने अमरीश पुरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई।

अशरफ अली- गदर एक प्रेम कथा

गदर में अमरीश पुरी ने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया जो अपनी बेटी और अपने देश के बीच उलझा हुआ था। अशरफ अली पूरी तरह से खलनायक नहीं था, लेकिन कहानी में उसका विरोधी पक्ष इतना मजबूत था कि वह फिल्म के सबसे यादगार पात्रों में शामिल हो गया।

ठाकुर दुर्जन सिंह- करण अर्जुन

रेगिस्तान की धूल, हवेली की ऊंची दीवारें और बदले की आग। करण अर्जुन का ठाकुर दुर्जन सिंह बेरहमी का दूसरा नाम था। अमरीश पुरी ने इस किरदार में ऐसा आतंक पैदा किया कि दर्शक उसकी मौत का इंतजार करते रहे। फिल्म की पूरी कहानी उसी के अत्याचारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

जनरल डोंग- तहलका

डोंग इज नेवर रॉन्ग कहने वाला जनरल डोंग 90 के दशक के सबसे मनोरंजक और पॉपुलर खलनायकों में से एक था। उसकी अजीबोगरीब हंसी, अतरंगी अंदाज और तानाशाह पर्सनालिटी ने उसे दर्शकों के बीच कल्ट स्टेटस दिलाया।

भ्रष्टाचार

चार साल में कुछ नहीं हुआ, अब एक महीना बचा है रिटायरमेंट में कथित तौर पर खड़े किए कई सवाल

क्या संजय सिंह के खिलाफ लोकायुक्त की कार्रवाई सिर्फ ढकोसला बनकर रह गई!

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता तब कठघरे में खड़ी हो जाती है, जब रंगे हाथों पकड़ा गया एक अधिकारी खुलेआम व्यवस्था को चुनौती देता हुआ दिखाई दे। कटनी में वर्ष 2022 में 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़े नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह को लेकर अब जो चर्चाएं सामने आ रही हैं, उन्होंने पूरे सिस्टम की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

सूत्रों के अनुसार, जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने जा रहे संजय सिंह कथित तौर पर यह कहते नजर आ रहे हैं कि मेरी तो ऊपर तक सेटिंग है चार साल में मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए, अब एक महीना बचा है रिटायरमेंट में, आप क्या खाक कर पाओगे? यदि वास्तव में ऐसी बातें कही जा रही हैं, तो यह केवल एक अधिकारी का आत्मविश्वास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार विरोधी व्यवस्था के प्रति उसके मन में पैदा हो चुकी निर्भीकता और बेखौफ मानसिकता का संकेत है।

लोकायुक्त की कार्रवाई पर उठे सवाल

मई 2022 में जबलपुर लोकायुक्त ने कटनी के बरगवां स्थित नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई करते हुए संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोप था कि धान मिलिंग एवं परिवहन के लगभग 20 लाख रुपये के बिल पास कराने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारी हुई, लेकिन इसके बाद चार साल तक चालान पेश नहीं हुआ।आश्चर्य की बात य है कि हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने क बाद लोकायुक्त जबलपुर द्वारा विभाग से अभियोजन की कार्यवाही हेतु विभाग को फाइल भेजी गई है।

क्या कार्यवाही सिर्फ फोटो खिचाने तक सीमित

आम जन का कहना है कि यदि रंगे हाथ पकड़े गए मामलों में भी यही स्थिति है, तो फिर लोकायुक्त की कार्रवाई का डर आखिर किसे होगा? क्या कार्रवाई सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित है? लोकायुक्त ट्रैप की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। कैमरों के सामने नोट गिने जाते हैं, गिरफ्तारी होती है और भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता का दावा किया जाता है। लेकिन यदि वर्षों बाद भी आरोपी अधिकारी बिना किसी भय के व्यवस्था को चुनौती देता नजर आए, तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई सिर्फ एक दिन की सनसनी बनकर रह गई है? या फिर भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की धीमी गति ने यह संदेश दे दिया है कि समय निकाल लो, सब ठीक हो जाएगा?

लोकायुक्त पर विश्वास करेगा तो करेगा कौन

जब एक आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करता है, तो वह अपनी पहचान, सुरक्षा और भविष्य की चिंता के बावजूद न्याय की उम्मीद में आगे आता है। लेकिन यदि रंगे हाथों पकड़े गए अधिकारी ही यह कहने लगें कि चार साल में कुछ नहीं हुआ, अब क्या होगा... तो फिर भविष्य में कौन शिकायत करने का साहस जुटाएगा? क्या कोई व्यापारी, किसान या आम नागरिक लोकायुक्त के पास जाने का जोखिम उठाएगा? क्या शिकायतकर्ता को यह भरोसा रहेगा कि न्याय समय पर मिलेगा?

कई मामलों की लंबित फाइलें और बढ़ाते हैं चिंता

सूत्रों के अनुसार, अभियोजन स्वीकृति के अभाव में लोकायुक्त के अनेक भ्रष्टाचार संबंधी मामले वर्षों से लंबित पड़े हैं। कई मामलों में आरोपी अधिकारी सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं। यदि यही स्थिति बनी रही, तो भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल भाषणों और विज्ञापनों तक सीमित होकर रह जाएगी।

तीखे सवाल, जिनका जवाब जरूरी

- आखिर लोकायुक्त विभाग ने चार साल तक फाइल क्यों दबाई
- विभाग लोकायुक्त की फाइल का इंतजार क्यों कर रहा था निलंबन की कार्रवाई क्यों नहीं हुई
- रिश्वतखोर अधिकारी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य क्यों करता रहा,
- भ्रष्ट अधिकारी को इतनी हिम्मत मिली कहां से?
- क्या यह हिम्मत इसलिए आई क्योंकि चार साल तक कुछ नहीं हुआ?
- क्या यह विश्वास विभागीय संरक्षण से पैदा हुआ?
- क्या अभियोजन स्वीकृति में देरी ने आरोपी को निर्भीक बना दिया?

एक या दो दिन में संभवतः स्वीकृति प्रदान हो सकती है

हमारे पास आज ही फाइल आई है, हमारे एमडी का तबादला हो गया है, जल्द ही नये एमडी आएगें और वही अभियोजन की स्वीकृति देगें। एक या दो दिन में संभवतः स्वीकृति प्रदान हो सकती है।

-रितु चौहान, महाप्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम भोपाल

बेकाबू पिकअप ने बाइक और कार को टक्कर मारी, तीन घायल

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत एलबीएस कालेज के पास एक बेकाबू पिकअप वाहन ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर पीछा करने पर दूसरी बाइक तथा कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार महुआखेड़ा निवासी 25 वर्षीय शिवम पटेल मोबाइल रिपेयरिंग का सामान लेकर बाइक से घर लौट रहा था। एलबीएस कॉलेज के पास पिकअप क्रमांक एमपी-34-जी-0719 के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए आगे जा रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार संजीव ठाकुर और संजीत भोजक घायल हो गए। घटना के बाद शिवम पिकअप का पीछा करने लगा। नुनसर तिराहे के पास पिकअप चालक ने उसकी बाइक को भी टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद पिकअप सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी-20-जेडवाई-8247 से भी टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

री-नीट परीक्षा में व्यवस्थाओं की खुली पोल

तपती धूप में बैठे रहे अभिभावक, पेयजल और छाया तक नहीं मिली

जबलपुर। री-नीट परीक्षा के दौरान शासन और जिला प्रशासन द्वारा किए गए तमाम दावे धरातल पर खोखले साबित होते नजर आए। पेपर लीक की वजह से दोबारा आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों के साथ पहुंचे अभिभावकों को भीषण गर्मी के बीच घंटों खुले आसमान के नीचे इंतजार करना पड़ा। हालात ऐसे रहे कि कई लोग पेयजल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसते दिखाई दिए।

प्रशासन ने परीक्षा से पहले दावा किया था कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए टेंट, कूलर, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के बाद हकीकत कुछ और ही नजर आई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल महाविद्यालय सहित शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक सड़कों, फुटपाथों और पेड़ों की छांव में बैठकर समय बिताने को मजबूर रहे। तेज धूप और उमस भरे मौसम में लोग कागज, तौलिया और कपड़ों से हवा करते दिखाई दिए। कई बुजुर्ग और महिलाएं भी घंटों तक असुविधाजनक परिस्थितियों में बैठी रहीं।

अभिभावकों में दिखा आक्रोश- परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद अभिभावकों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि न तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था थी और न ही बैठने के लिए कोई समुचित इंतजाम किया गया था। अधिकारियों के दावे केवल कागजों तक सीमित रह गए, जबकि जमीनी स्तर पर सुविधाओं का अभाव साफ नजर आया। कईयों की गर्मी से बिगड़ी लोगों की तबीयत बिगड़ गई।

जिला पंचायत के लेखाधिकारी से कोषालय अधिकारी और अब पूर्व क्षेत्र कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी तक का सफर चर्चा में; नियमों के उल्लंघन का आरोप

कोषालय अधिकारी को बना दिया सीएफओ, नियुक्ति पर उठे सवाल

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में तबादला और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अब मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) की नियुक्ति भी चर्चा का विषय बन गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कोषालय अधिकारी गौरीश कुमार को प्रतिनियुक्ति पर पूर्व क्षेत्र कंपनी में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में पदस्थ किया गया है, जिसको लेकर विभाग के भीतर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के मुताबिक, गौरीश कुमार पहले जिला पंचायत में लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद उन्हें कोषालय अधिकारी का प्रभार सौंपा गया था। अब प्रतिनियुक्ति पर उनकी नियुक्ति पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में किए जाने से कई अधिकारी नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि मुख्य वित्तीय अधिकारी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण और तकनीकी प्रकृति का होता है तथा परंपरागत रूप से इस पद पर विद्युत मंडल अथवा विद्युत वितरण कंपनियों के वित्तीय संवर्ग के अनुभवी अधिकारियों की नियुक्ति की जाती रही है। ऐसे में बाहरी विभाग से प्रतिनियुक्ति पर की गई यह नियुक्ति चर्चा का विषय बनी हुई है।

हालांकि यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि यदि शासन स्तर से प्रतिनियुक्ति की विधिवत स्वीकृति प्राप्त हुई है तो नियुक्ति को नियमों के अनुरूप माना जा सकता है। लेकिन यदि सेवा नियमों में इस पद के लिए विशेष पात्रता और संवर्ग निर्धारित हैं, तो यह जांच का विषय बन सकता है कि नियुक्ति प्रक्रिया में उनका पालन किया गया या नहीं।

उठ रहे बड़े सवाल

- क्या मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति से नियुक्ति का प्रावधान है?
- सीएफओ पद के लिए निर्धारित पात्रता और सेवा नियम क्या हैं?
- क्या विद्युत कंपनियों के वित्तीय संवर्ग के अधिकारियों की अनदेखी की गई?
- गौरीश कुमार की नियुक्ति शासन की स्वीकृति से हुई है या कंपनी स्तर पर?
- क्या यह नियुक्ति वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है या इसके पीछे कोई अन्य प्रशासनिक कारण हैं?

नियुक्ति भोपाल से की गई है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकती

सी एफ ओ की नियुक्ति के लिए हमारे यहां से कोई प्रपोजल नहीं गया था, यह नियुक्ति भोपाल स्तर से की गई है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकती।

-सम्पदा सराफ गुर्जर
मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन मप्र पू क्षेत्र वि कंपनी

निगमायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



जबलपुर। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभागीय प्रमुखों की समीक्षा बैठक लेकर शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगमायुक्त ने लोक निर्माण, अधोसंरचना विकास, सड़क सुदृढ़ीकरण एवं लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता से समझौता किए बिना सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था, अमृत मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की तथा निर्बाध एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण प्रणाली को प्रभावी बनाने, फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव नियमित रूप से करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। साथ ही स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया को गति देने पर भी जोर दिया। निगमायुक्त ने अधिकारियों को धरातल पर नियमित निरीक्षण करने, कार्यों में समन्वय बनाए रखने तथा नागरिकों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

शाही नाका मार्ग पर जर्जर भवन हटाया

जबलपुर। मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने गढ़ा शाही नाका रोड पर स्थित एक जर्जर भवन को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक-1 के अमले ने यह कार्रवाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता दी। संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र कौरव ने बताया कि श्रीमती मंजू कोष्टा का यह भवन मुख्य मार्ग पर स्थित था और उसकी जर्जर स्थिति राहगीरों तथा आसपास के निवासियों के लिए खतरा बन गई थी। बारिश के मौसम में भवन गिरने की आशंका को देखते हुए निगम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दल के दिग्दर्श सिंह, मिथलेश चौबे, ब्रज किशोर तिवारी, सुंदरलाल माड़वी और विकास कुशवाहा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी खतरनाक या जर्जर भवन की जानकारी तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

कैलाशधाम में पूजा-अर्चना और पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री प्रहलाद पटेल

जबलपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार को शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। रांझी स्थित कैलाशधाम पहुंचकर उन्होंने स्वयंभू शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने पवित्र परशुराम कुंड का निरीक्षण भी किया तथा आगामी संस्कार कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जनपद पंचायत पनागर अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद मंत्री श्री पटेल आयुध निर्माणी खमरिया के एन-टाइप परिसर पहुंचे, जहां कर्मचारी संघों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पीपल, बरगद और नीम के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यावरण संवर्धन में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया और हरित अभियान को भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण संकल्प बताया।

ओवररेटिंग के खेल में आबकारी अफसर और माफिया की साठगांठ

- आबकारी मंत्री के प्रभार वाले जिले में उपभोक्ताओं की जेब पर डाका, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

शराब सिंडिकेट का 'सरगना' कौन?

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने के मामले में हरिभूमि के खुलासे के बाद अब इस पूरे खेल के पीछे कथित शराब सिंडिकेट की भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और आरोप लगाए जा रहे हैं कि विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर शराब कारोबारियों द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही है। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव पूरे मामले को और संदिग्ध बना रहा है।

ओवररेटिंग बनी कमाई का जरिया

सूत्रों के अनुसार जिले में शराब बिक्री का कारोबार केवल लाइसेंस और नियमों के भरोसे नहीं चल रहा, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के जरिए संचालित होने के आरोप सामने आ रहे हैं। विभागीय गलियारों में चर्चा है कि सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. संजीव दुबे और शराब कारोबारी आशीष शिवहरे के बीच कथित साठगांठ के चलते एक ऐसा तंत्र विकसित हुआ है, जिसने ओवररेटिंग को कमाई का स्थायी जरिया बना दिया है। आरोप हैं कि इसी कथित गठजोड़ के संरक्षण में जिले की कई दुकानों पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

आखिर क्या कर रहा विभाग

हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्षों की ओर से भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सवाल यह है कि यदि शिकायतें लगातार मिल रही हैं तो फिर विभागीय स्तर पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही। उपभोक्ताओं का कहना है कि शराब खरीदने वाले लोगों से प्रतिदिन हजारों नहीं बल्कि लाखों रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

हरिभूमि फॉलोअप

धार-इंदौर से जबलपुर तक विवादों की छाया

डॉ. संजीव दुबे का नाम पूर्व में भी विवादों और शिकायतों के संदर्भ में चर्चा में रहा है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि धार और इंदौर में उनके कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठे थे। अब जबलपुर में भी शराब कारोबार को लेकर उन्हीं आरोपों की पुनरावृत्ति होने की चर्चा है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मंत्री के जिले में जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न

आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रभार वाले जिले में यदि उपभोक्ताओं से खुलेआम अधिक कीमत वसूली जा रही है और कथित सिंडिकेट के आरोप सामने आ रहे हैं, तो यह केवल विभागीय लापरवाही का विषय नहीं बल्कि शासन की साख से भी जुड़ा मामला बन जाता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार और वरिष्ठ अधिकारी इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कराते हैं या नहीं।

सुलगते सवाल लेकिन जवाब नहीं

ओवररेटिंग की शिकायतों पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई? कितनी शराब दुकानों पर जांच और चालानी कार्रवाई की गई? कथित सिंडिकेट की भूमिका की जांच कौन करेगा? यदि आरोप निराधार हैं तो विभाग तथ्यों को सार्वजनिक क्यों नहीं करता? उपभोक्ताओं से वसूली गई अतिरिक्त रकम की जवाबदेही किसकी है? जबलपुर में शराब के ओवररेट खेल पर उठते सवाल अब केवल राजस्व या व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभागीय पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन चुके हैं।

जवाब देने से बचते रहे जिम्मेदार

शराब ओवररेटिंग और कथित सिंडिकेट से जुड़े आरोपों पर पक्ष जानने के लिए सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. संजीव दुबे के मोबाइल नंबर 9425919588 तथा शराब कारोबारी आशीष शिवहरे के मोबाइल नंबर 9826728528 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। कई बार फोन लगाए जाने के बावजूद दोनों ने कॉल रिसीव नहीं की। आरोपों को लेकर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। ऐसे में मामले को लेकर उठ रहे सवाल और भी गहरे हो गए हैं।

राजस्व बटोरने की सरकारी योजना का विरोध : मंच ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

होर्डिंग और यूनिपोल की संख्या बढ़ाने का फरमान चिंताजनक

जबलपुर। जबलपुर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मध्यप्रदेश के शहरी क्षेत्रों में होर्डिंग और यूनिपोल की तादाद बढ़ाकर सरकारी खजाना भरने के नए प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है। मंच के मुताबिक जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में अनियंत्रित रूप से लगाए जा रहे इन होर्डिंग के कारण पूर्व में कई गंभीर सड़क हादसे भी घटित हो चुके हैं। उपभोक्ता मंच का कहना है कि बिना किसी ठोस योजना के विज्ञापनों का दायरा बढ़ाने से शहरी यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी और दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाएगी।

इसी सिलसिले में जबलपुर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रमुख पदाधिकारियों डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया और गीता पांडे ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को एक लिखित आपत्ति पत्र प्रेषित किया है। इस आधिकारिक पत्र के माध्यम से हालिया विभागीय समीक्षा बैठक में जारी किए गए आदेशों को नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक और चिंताजनक करार दिया गया है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अनुसार वर्तमान समय में जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में लगाए गए होर्डिंग और यूनिपोल में आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इसकी जबलपुर में शीकायत कराई थी जस पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया था। इस दल ने जमीनी स्तर पर व्यापक छानबीन करने के उपरांत 13 जून 2025 को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर दी थी। बेहद चिंताजनक स्थिति यह है कि इस जांच रिपोर्ट को आए हुए पूरा 1 वर्ष का लंबा समय व्यतीत हो चुका है, किंतु जिम्मेदार उच्च पदस्थ अफसरों ने अब तक नियम तोड़ने वालों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की है। इसी प्रशासनिक ढिलाई के चलते शहरों में अवैध होर्डिंग का कारोबार लगातार बढ रहा है।

मंच ने पहले की घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि जबलपुर शहर के इलाहाबाद बैंक चौराहे के समीप 18 जनवरी 2025 को एक बेहद दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें एक नागरिक को असमय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। इस भीषण हादसे को बीते हुए 1 वर्ष से अधिक की समयावधि निकल चुकी है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है। इस बड़ी लापरवाही के चलते आज तक हादसे की वैधानिक जवाबदेही तय नहीं हो पाई और न ही शोक संतप्त परिवार को कोई इंसाफ मिल पाया है।उपभोक्ता मंच ने मांग की है कि जबलपुर सहित प्रदेश के शहरों में वर्तमान जमीनी हकीकत को देखते हुए राजस्व बढ़ाने के इस आत्मघाती फैसले पर पुनः विचार किया जाए।

हाईकोर्ट से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को मिली राहत

13 साल पुराना भूमि पट्टा विवाद

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सीहोर निवासी स्वतंत्रता सेनानी रमेश चंद्र मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए भूमि पट्टा मामले में राज्य शासन के आदेश निरस्त कर दिए हैं। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि वह याचिकाकर्ता के स्थायी पट्टे संबंधी आवेदन पर 60 दिन के भीतर नए सिरे से निर्णय ले।

याचिकाकर्ता लंबे समय से अपने टिम्बर यार्ड के लिए भूमि का स्थायी पट्टा मांग रहे थे। वर्ष 2008 में कलेक्टर सीहोर ने लगभग 2400 वर्गफुट भूमि 30 वर्ष की लीज पर देने की अनुशंसा की थी, लेकिन शासन ने उनकी मांग अस्वीकार कर दी थी। इसके विरुद्ध उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। उनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व में हाई कोर्ट द्वारा निरस्त किए जा चुके आदेशों को ही आधार बनाकर अधिकारियों ने दोबारा दावा निरस्त कर दिया। कोर्ट ने पाया कि सक्षम प्राधिकारी ने कलेक्टर की अनुशंसा पर समुचित विचार नहीं किया। इसे विधि विरुद्ध मानते हुए कोर्ट ने संबंधित आदेश निरस्त कर दिए व 31 मार्च 2008 के प्रस्ताव के आधार पर प्रकरण का पुनर्विचार करने के निर्देश दिए।

मेफेड्रोन बनाने के लिए फर्म के नाम पर मंगाए रसायन

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने मेफेड्रोन ड्रग्स के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों की खरीद और आपूर्ति से जुड़े मामले में गुजरात के व्यापारी महफूज महबूब खान की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि यह किसी व्यक्ति से थोड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ मिलने का मामला नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित संगठित ड्रग तस्करी नेटवर्क का प्रकरण है, जिसमें प्रत्येक आरोपी की भूमिका निर्धारित थी।कोर्ट के अनुसार डायरेक्टरेट आफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भोपाल में छापेमारी के दौरान 61.20 किलोग्राम लिक्विड मेफेड्रोन बरामद किया था, जो वाणिज्यिक मात्रा में है। जांच में सामने आया कि आवेदक की फर्म एमके इंटरप्राइजेज के नाम पर मोनो मिथाइल अमीन, मिथाइल डाइक्लोराइड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड और एसीटोन जैसे रसायन खरीदे गए, जिनका उपयोग मेफेड्रोन बनाने में किया गया। कोर्ट ने पाया कि फर्म को ऐसे रसायनों के व्यापार की अनुमति नहीं थी, फिर भी जीएसटी पंजीकरण का दुरुपयोग कर उनकी खरीद की गई। काल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और अन्य साक्ष्य आरोपित को ड्रग निर्माण की साजिश से जोड़ते हैं। न्यायालय ने कहा कि एनडीपीएस कानून का उद्देश्य पूरे ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करना है। लिहाजा, आरोपी को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

शैलेन्द्र कुमार रावत ने पमरे में प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया

जबलपुर। भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर्स सेवा के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र कुमार रावत ने पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया। श्री रावत ने आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में एम.टेक की उपाधि प्राप्त की है। लगभग 33 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आरडीएसओ तथा रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास तथा यांत्रिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में मुख्य उत्पादन अभियंता, मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक तथा आरडीएसओ में कार्यपालक निदेशक/ गुणवत्ता आश्वासन (यांत्रिक) के पद पर सेवायें प्रदान की हैं। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें विभिन्न अवसरों पर महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के रूप में श्री रावत पश्चिम मध्य रेलवे में यांत्रिक विभाग, रोलिंग स्टॉक अनुरक्षण, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों का नेतृत्व करेंगे।इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल सहित सभी विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों ने उन्हें नवीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

ज्योति राज करुणा सोसायटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

जबलपुर। ज्योति राज करुणा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एड. शिवशंकर पाठक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु सोसायटी के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा श्री शंखेश्वर पार्श्व जैन मंदिर (सुप्तेश्वर गणेश मंदिर) परिसर रतननगर, जबलपुर में सेठ गोविंददास जिला अस्पताल विक्टोरिया के सान्निध्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति की उपाध्यक्ष रानू शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान कर विक्टोरिया अस्पताल की ब्लड बैंक प्रभारी अमिता जैन को सौंपा गया। शिविर में एड. शिवशंकर पाठक, रानू शर्मा, विजय कुमार तिवारी, मंजू तिवारी, कौशर जहां, जतिन यादव, सौरभ गुप्ता, धनराज प्रजापति, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, आयुष दुबे, रत्नेश सैनी, देवीकला भट्टराई, अनीता पटेल, सामलीचंद्रा, अनिकेत दुबे, भुवन भट्टराई सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार मार्ग पर सड़क निर्माण में लापरवाही, वाहन फिसलने से बढ़ा हादसों का खतरा

भेड़ाघाट। भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार तक निर्माणाधीन सड़क में कथित लापरवाही और गुणवत्ता की अनदेखी से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली निर्माण के लिए की गई खुदाई की सही भराई न होने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार हाल ही में एक ऑटो पलटने की घटना भी सामने आई है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में न तो इंजीनियरिंग मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी नियमित रूप से मौके पर मौजूद रहता है। लोगों का कहना है कि 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रही लगभग 300 मीटर सड़क का कार्य कई महीनों से धीमी गति से चल रहा है तथा निर्माण कार्य में अनियमितताएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। कहीं सड़क चौड़ी तो कहीं सकरी बनाई जा रही है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और भेड़ाघाट चौराहा पर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने लोक निर्माण विभाग से मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात से पहले सड़क का कार्य पूर्ण हो सके और पर्यटकों एवं आम नागरिकों को राहत मिल सके।

जनेकृविवि में मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

प्राचीनकाल से योग सेहत का अहम सूत्रः कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन आंचलिक खेल परिसर 'जवाहर क्रीड़ांगन' में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में कृषिनगर निवासी भी योगाभ्यास में शामिल हुए। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि योग प्राचीनकाल से स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण सूत्र है। योग न केवल गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक है, बल्कि यह जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत कर रहा है।कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता कृषि एवं उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव सहित अनेक प्राध्यापक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दू मुस्लिम कमेटी ने मोहरम का लंगर किया तकसीम

जबलपुर। हर साल की तरह इस साल भी मोहरम शरीफ की 6 तारीख को जयंती कॉम्पलेक्स के पास हजरत बाबा फरीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह शरीफ की जानिब से लंगर का एहतमाम किया गया, यह लंगर पिछले कई वर्षों से लंगर हिन्दू मुस्लिम कमेटी द्वारा तकसीम किया जाता है। सुबह बाद नमाज फजर के दऊद खानी सलातो सलाम के बाद लंगर का एहतमाम किया गया एवं देश में अमन एवं खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर खादिम आरिफ बाबा, संयोजक मकसूद अली मक्कू भाई, अब्दुल सारिक सीलू, आमीर ताजी, अफजल भाई आदि उपस्थित रहे।

योगमय मध्यप्रदेश का संदेशः साधकों ने लिया 365 दिन योग अभ्यास का संकल्प

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में अहिंसा योग फाउंडेशन समिति के साधकों ने भाग लेकर 365 दिन नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया। यह आयोजन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में जबलपुर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं आयुष विभाग, मंत्रालय के सौजन्य से गरिमामय स्वरूप प्राप्त हुआ। योगाचार्य नवीन जैन के नेतृत्व में कंचन विहार के साधकों ने दो दिवसीय आयोजन एवं संबंधित बैठकों में सहभागिता कर योग के महत्व को आत्मसात किया। साधकों ने कहा कि यह आयोजन न केवल जबलपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है तथा इससे "योगमय मध्यप्रदेश" का संदेश विश्वभर में प्रसारित हुआ है। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से 365 दिन योग अभ्यास करेंगे और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर महापौर जगत बहादुर सिंह ने दी शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी

जबलपुर। जबलपुर आगमन पर देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी धर्मपत्नी यामिनी सिंह के साथ सर्किट हाउस क्रमांक-1 में आत्मीय एवं गरिमामयी भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने जबलपुर की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माँ नर्मदा एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा महामहिम को भेंट की तथा नगर निगम द्वारा पिछले साढ़े तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं स्वच्छता संबंधी उपलब्धियों की पुस्तिका भी प्रस्तुत की। महापौर ने महामहिम को आगामी 20 दिसंबर को प्रस्तावित 'महापौर बीजारोपण' कार्यक्रम का आमंत्रण भी दिया तथा नगर के विकास एवं जनभागीदारी आधारित आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 50 हजार नागरिकों की सहभागिता प्रस्तावित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जबलपुर नगर निगम के विकास कार्यों की सराहना की तथा आगामी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं।

गलत शपथपत्र देने वालों के ऊपर होगी दंडात्मक कार्रवाई

सिहोरा। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 के बाद से पैतृक संपत्ति के विभाजन में बेटों और बेटियों को बराबर का अधिकार दिया गया है। ऐसे मामलों में पुश्तैनी संपत्ति का बंटवारा आपसी सहमति से या कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दायर करके किया जा सकता है। लेकिन पिता की संपत्ति में बेटियों का अधिकार हमेशा से विवादित रहा है। कई दफा केवल पुत्रों द्वारा पिता की संपत्ति पर अधिकार कर लिया जाता है ओर बेटियों को उनका कोई हिस्सा अपने पिता की संपत्ति में प्राप्त नहीं होता है इसके लिए लोग तरह तरह की जुगत लगाने से भी नहीं चूकते।गत दिवस माननीय न्यायलय तहसीलदार सिहोरा के समक्ष फोती नामांतरण मामले में गलत कूटरचित एवं असत्य जानकारी शपथ पत्र प्रस्तुत करने की जानकारी लगने पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखा गया है

क्या है मामला रा०प्र०क० 2292 में आवेदक राकेश कुमार ने भूमि ख०न० 7/2 रकवा 0.405 हे० भूमि

तहसीलदार ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को लिखा पत्र

राजस्व अभिलेख में नेमचंद पिता शंकर लाल जाति सिंघई के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार नेमचंद जैन का स्वर्गवास दिनांक 04/9/1994 हो जाने के कारण वारसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र,शपथ पत्र खसरा की नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया उक्त संबंध में हल्का पटवारी से जाचं प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा अपने जाच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि मोका जांच पंचनामा के पश्चात अन्य ग्रामवासियों से जानकारी ली गई उनके द्वारा बताया गया गया कि मृतक नेमचंद की दो पुत्रीयां भी है जिनका नाम आवेदक के द्वारा अपने शपथ पत्र में एवं मौके पर पंचनामा के दौरान जानबूझकर छुपाया गया है।इसी प्रकार आवेदक प्रभात ने प०ह०न० 104 रा०नि०म० खितौला तहसील सिहोरा में स्थित भूमि ख0न0 614/12, 619/3 रकया 0.0110, 0.5590 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में केशव प्रसाद पिता जागेश्वर प्रसाद के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार केशव प्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 25/12/2025 हो जाने के कारण वारसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया गया उक्त संबंध में हल्का पटवारी से जाचं प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा अपने जाच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया है कि मौका जांच पंचनामा के पश्चात अन्य ग्रामवासियों से जानकारी ली गई उनके द्वारा बताया गया किआवेदक के मृतक भाई ओमप्रकाश के पुत्रों की जानकारी दी गई है जबकि दो पुत्रीयां भी है जिनका नाम आवेदक के द्वारा अपने शपथ पत्र. में एवं मौके पर पंचनामा के दौरान जानबूझकर छुपाया गया है। दोनों प्रकरण में तहसीलदार सिहोरा ने गलत शपथ पत्र देने वाले आवेदको के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को पत्र लिखा गया है।

ब्राह्मण समाज सिहोरा का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 1 को

सिहोरा। ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 1 जुलाई को खितौला के माता महाकाली मंदिर में आयोजित होगा। परम श्रद्धेय गुरुदेव सुरेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य होने वाला यह समाज का 14 वां आयोजन है। समाज के उपाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जिन भी पालकों ने अपने बटुकों का पंजीयन पूर्व में कराया है वे तथा अन्य नवीन भी यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल हो सकते है।

भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

किसान को मिले गुणवत्ता वाली लाइट

सिहोरा। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के ऊर्जा आयाम द्वारा सिहोरा तहसील के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम गोसलपुर में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रुप से टिकारिया का ट्रांसफार्मर जल गया है। झांसी सबस्टेशन वोल्टेज नहीं मिल रहा है, पोडी मोड़ के 63 के वी ट्रांसफार्मर ओवरलोड है।ट्रांसफार्मर अर्थिंग सही न होने के कारण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। इसी प्रकार सिलुआ खजरी पिपरसरा एंव वेला के ट्रांसफार्मर से किसानों को गुणवत्ता युक्त बिजली नहीं मिल पा रही है।इसी प्रकार सिहोरा तहसील के अंतर्गत मझंगवा सबस्टेशन के लिए मरवारी 11 के वी लाइन खड़ी हो गई है परंतु लाइन कनेक्ट नहीं हुई है जिसके कारण 100 गांव में वोल्टेज की समस्या हल करवाने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रहलाद सिंह पटेल प्रांत महामंत्री,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर परोहा,जिला अध्यक्ष रामदास पटेल,जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल ,तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल शैलू,ग्राम समिति अध्यक्ष सुभाष पटेल,मेवा लाल पटेल,धर्मैन्द पटेल,टिकारिया ग्राम समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

श्रीमती उर्मिला वाजपेयी- शीतलपुरी चेरीताल अग्रवाल बारात घर के निकट निवासी स्व. श्री भगवती धर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला वाजपेयी (97) का देहावसान हो गया। वे हिंदी एक्सप्रेस के संपादक, वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र वाजपेयी तथा बीएचईएल के पूर्व महाप्रबंधक अविनाश वाजपेयी की मातुश्री थीं। अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे रानीताल मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

श्रीमती मानवती तिवारी- हा ई को ट सो सा य टी छापर रापमुर निवासी स्व. श्री वैदेही लाल तिवारी की धर्मपत्नी त था राजकुमार व कल्पना तिवारी की मातुश्री श्रीमती मानवती तिवारी (71) का निधन हो गया। वे विजय तिवारी की भाभी थीं। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती चंद्रिका मरावी- गौरीघाट पानी की टंकी के पास निवासी श्री राम चरण मरावी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रिका मरावी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री पप्पू चौधरी- पचास क्वाटर्स ट्रांसपोर्ट नगर चंडाल भाटा निवासी श्री पप्पू चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सिंधु बाई सिरसागर- शिवाजी नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री मधुकर राव सिरसागर की धर्मपत्नी श्रीमती सिंधु बाई सिरसागर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री शरद गर्ग- बढ़ई मोहल्ला भानतलैया निवासी श्री शरद गर्ग (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती हरी बाई कोष्टा- बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री लीलाधर कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती हरी बाई कोष्टा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती रानी वाजपेयी- डिफेंस कॉलोनी सिविल लाइन निवासी डॉ. रविशंकर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती रानी वाजपेयी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मणिराज सिंह सोलंकी- चौथ वाले बाबा के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मणिराज सिंह सोलंकी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री ओम प्रकाश शर्मा- हनुमानताल निवासी श्री ओम प्रकाश शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ओम प्रकाश शर्मा- अधारताल निवासी श्री ओम प्रकाश शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री देवराज कोरी- सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री देवराज कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अग्र साइज 40/- प्रति कलम से.मी.
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज 1x3 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

सेबी ने दी चार कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी

नई दिल्ली। एजीएस हेल्थ, पीजीपी ग्लास, श्रेणी शेयर्स और एसआरआईटी इंडिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

पूंजीकरण में एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के कारण रुपये पर दबाव है। रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला।

स्टील बर्ड की प्रीमियम ब्रांड की मांग में वृद्धि दर्ज

मुंबई। प्रमुख हेलमेट कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया की कुल आय में प्रीमियम खंड की हिस्सेदारी वर्ष 2032 तक 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, क्योंकि इसके विशेष ब्रांड की मांग में वृद्धि हो रही है। स्टीलबर्ड हाई-टेक के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी आय 869 करोड़ रुपये रही, जिसमें प्रीमियम खंड का योगदान पांच प्रतिशत से भी कम था।

के2 इन्फ्रा को मिला सड़क परियोजना का ठेका

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी के2 इन्फ्रा लि. को तेलंगाना सरकार से लगभग 390.91 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना का ठेका मिला है। तेलंगाना ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के तहत मिली परियोजना भोंगीर सर्किल में चुनिंदा पंचायती राज इंजीनियरिंग विभाग की सड़कों के निर्माण, उन्नयन, मजबूती और रखरखाव के लिए है।

वोल्टास ने 10 लाख एसी बिक्री का आंकड़ा पार किया

नई दिल्ली। देश की प्रमुख रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) कंपनी वोल्टास ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले तीन महीनों के भीतर ही 10 लाख रूम एसी की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। टाटा समूह की कंपनी का दावा है कि उसने यह उपलब्धि अब तक के सबसे कम समय में हासिल की है, जिससे भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में उसकी अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। 2023-24 में 20 लाख रूम एसी बेचे थे। उद्योग में पहली बार यह आंकड़ा हासिल हुआ था।

द. कोरिया की 300 कंपनियां शेयर बाजार से बाहर होगी, एक्सचेंज का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया एक्सचेंज के सीइओ ने कहा है कि देश में लिस्टेड करीब 2,700 कंपनियों में से लगभग 300 कंपनियां अगले साल तक डीलिस्ट हो सकती हैं। यानी उनके शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होंगे।

- देश के स्टॉक एक्सचेंज में 2700 कंपनियां सूचीबद्ध है

यह फैसला किसी एक कंपनी या सेक्टर के लिए नहीं है। इसके पीछे मकसद है निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत बनाना। सवाल यही है कि जब कंपनियां पहले से बाजार में लिस्टेड हैं, तो फिर उन्हें बाहर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, शेयर बाजार सिर्फ कंपनियों का नहीं, निवेशकों के भरोसे का भी खेल है।

मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत करना

पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान खींचा

अगर कुल 2,700 कंपनियों में से 300 कंपनियां बाहर होती हैं, तो यह कोई छोटा कदम नहीं है। मतलब हर 100 कंपनियों में करीब 11 कंपनियां बाजार से बाहर हो सकती हैं। यही वजह है कि इस खबर ने पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

डीलिस्टिंग का मतलब क्या होता है

बहुत से छोटे निवेशक यह शब्द सुनते हैं, लेकिन इसका मतलब पूरी तरह नहीं समझते। डीलिस्टिंग का सीधा मतलब है कि कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होगा। आप उस शेयर को सामान्य तरीके से खरीद या बेच नहीं पाएंगे। जब कोई कंपनी एक्सचेंज के नियमों को पूरा नहीं कर पाती या किसी वजह से उसे बाहर किया जाता है, तो उसे डीलिस्टिंग कहा जाता है।

निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की कोशिश : *कोरिया एक्सचेंज का कहना है कि यह पूरा कदम निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। दुनिया भर के बाजार अब सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।*

जरूरत पड़ी तो नियम और सख्त होंगे

कोरिया एक्सचेंज ने यह भी साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ी तो और कड़े नियम भी लाए जा सकते हैं। यानी यह सिर्फ शुरुआत हो सकती है। अगर बाजार की गुणवत्ता सुधारने के लिए और कदम उठाने पड़े, तो एक्सचेंज पीछे हटने वाला नहीं है। यह संदेश कंपनियों के लिए भी साफ है कि अब सिर्फ लिस्टेड रहना काफी नहीं होगा। प्रदर्शन भी दिखाना पड़ेगा।

निवेशकों के लिए बेहतर कंपनियां हो: *अगर बाजार में ऐसी कंपनियां बनी रहें जो लगातार खराब प्रदर्शन कर रही हों, नियमों का पालन न करती हों या निवेशकों को कोई खास फायदा न दे रही हों, तो पूरे बाजार की छवि खराब हो सकती है। इसी वजह से कोरिया एक्सचेंज अब बाजार की सफाई के मूड में दिखाई दे रहा है।*

कोरिया डिस्काउंट क्या होता है

आसान भाषा में समझें तो लंबे समय तक ऐसा माना जाता था कि दक्षिण कोरिया की कंपनियां अच्छी होने के बावजूद उन्हें उतनी वैल्यू नहीं मिलती थी जितनी दुनिया के दूसरे बाजारों में मिलती है। निवेशकों को लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारकों के अधिकार और पारदर्शिता के मामले में सुधार की जरूरत है। यही वजह थी कि कई कंपनियों का वैल्यूएशन कम माना जाता था। अब एक्सचेंज का दावा है कि हालात पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं और यह डिस्काउंट काफी हद तक खत्म हो गया है।

विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद

कच्चे तेल की घटती कीमतों से मार्जिन में होगा सुधार

जेपी मोर्गन की जारी रिपोर्ट में कहा गया

पेट्रोल, डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है।

ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रही

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे।

बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता

मार्च में उत्पाद शुल्क में हुई थी कटौती

सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की थी ताकि खुदरा कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी न हो। जब वैश्विक तेल की कीमतें युद्ध से पहले के स्तर पर आ जाएंगी और स्थिर हो जाएंगी, तो शुल्क को फिर से लगाया जा सकता है।

एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक

जेपी मॉर्गन ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमाई पर माल भंडार के स्तर पर नुकसान का असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होना चाहिए।

ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है

इसमें कहा गया, ''मार्जिन में इस सुधार को लेकर हमारे उत्साह को दो बातें सीमित करती हैं। पिछले कुछ महीनों में ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है। इससे मूल्यांकन प्रभावित हुआ है और लाभ का एक बड़ा हिस्सा उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण है। हो सकता है कि सरकार कुछ समय के लिए कर कम रखे, जिससे ओएमसी कर्ज चुका सके। हालांकि, भविष्य में उत्पाद शुल्क बढ़ने का जोखिम बना हुआ है।''

एचपीसीएल के मार्जिन में पहले से उछाल

ब्रोकरेज कंपनी का अनुमान है कि बीपीसीएल और आईओसीएल के लिए मौजूदा संयुक्त पेट्रोल और डीजल मार्जिन संघर्ष से पहले के स्तर से अधिक है, जबकि एचपीसीएल के मार्जिन काफी हद तक तेल की कीमतों में हाल के उछाल से पहले के स्तर पर या उससे ऊपर आ गए हैं। यह सुधार बेहतर संयुक्त रिफाइनिंग और विपणन परिवेश को दिखाता है।

कीमतें कम होने से कंपनियों को अधिक लाभ

तेल की कीमतें अगर कम होती रहती हैं तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी)... भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)... में से बीपीसीएल और आईओसी को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।

भारत जहाजों के पुनर्चक्रण में दुनिया का अग्रणी देश बना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भारत की वैश्विक बाजार में 35 .4 फीसदी हिस्सेदारी
- 2024 में यह हिस्सेदारी 30 .1 प्रतिशत थी

भारत पुराने जहाजों के पुनर्चक्रण के वैश्विक बाजार में 2025 के दौरान 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया का शीर्ष देश बनकर उभरा जबकि 2024 में यह 30.1 प्रतिशत थी।

सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। पुराने, अनुपयोगी या सेवा से हट चुके जहाजों को तोड़कर उनके हिस्सों को दोबारा उपयोग में लाने की प्रक्रिया जहाज पुनर्चक्रण कही जाती है। आधिकारिक बयान में 'संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन' (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में जहाज पुनर्चक्रण 2025 में बढ़कर 29.9 लाख टन हो गया, जो 2024 के 18.6 लाख टन से करीब 60 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि के साथ 'मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी) 2030' के तहत भारत के दुनिया का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण देश बनने का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है।

भारत की स्थिति और मजबूत हुई

इस अवसर पर बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा, ''भारत का वैश्विक स्तर पर शीर्ष जहाज पुनर्चक्रण देश के रूप में उभरना लगातार नीतियों में सुधार, उद्योग के प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों के पालन का परिणाम है। सोनोवाल ने कहा कि इससे जिम्मेदार एवं टिकाऊ जहाज पुनर्चक्रण के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।

कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

- सेंसेक्स 291 और निफ्टी 90 अंक चढ़ा
- ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावर ग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

एशिया में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिले जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिका के बाजार 'जुनेटीनथ' अवकाश के कारण शुक्रवार को बंद रहे थे।

भारत-ईयू व्यापार समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। गोयल ने मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'अब लगभग शून्य शुल्क के साथ यूरोपीय बाजार का बड़ा हिस्सा भारतीय उत्पादों के लिए खुल जाएगा। भारत-ईयू एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर होंगे और यह फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा।

रुपए में कमजोरी से सोने और चांदी की कीमतें चढ़ीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सोना 1,700 और चांदी 4,800 रुपए हुई महंगी
- सोना बढ़कर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

राजधानी राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में सुधार हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी और रुपये की कीमत में गिरावट के कारण सोना 1,700 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी 4,800 रुपये महंगी हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चार दिन की गिरावट का सिलसिला टूटा और इसका भाव शुक्रवार के 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 1,700 रुपये बढ़कर 1,52,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी 4,800 रुपये बढ़कर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

हाजिर सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं: अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 49.93 डॉलर या 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,210.19 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.4 प्रतिशत बढ़कर 66.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस और मुद्रा प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''हाजिर सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका और ईरान स्विट्जरलैंड में बातचीत के दौरान अंतिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हुए हैं।

नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार...

नई दिल्ली। रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी ने भारत में अपने पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार पहुंचाते हुए निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा विक्रेता के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। कंपनी के तेजी से विस्तार के बीच शहरों, राजमार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईंधन की उपलब्धता बढ़ गई है। कंपनी द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले 18 महीनों में 500 से अधिक नए पेट्रोल पंप शुरू किए गए हैं। यह औसतन प्रतिदिन लगभग एक नए केंद्र के संचालन के बराबर है। इस विस्तार के माध्यम से कंपनी देशभर में अपने खुदरा नेटवर्क को मजबूत बनाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों तक भी पहुंच बढ़ा रही है, जहां ईंधन अवसंरचना अभी विकास की प्रक्रिया में है।

अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में चीन ने किया पलटवार

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

- अमेरिकी रक्षा कंपनियों के निर्यात पर रोक
- चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को अनुबंधों से बाहर करने के बाद निर्णय

चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में 10 अमेरिकी सैन्य-संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की सोमवार को घोषणा की। यह कदम अमेरिका के कुछ प्रमुख चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को रक्षा अनुबंधों से बाहर करने के निर्णय के बाद उठाया गया है।

चीन की कंपनियों को इन 10 कंपनियों को ''दोहरे उपयोग'' (डुअल-यूज़) की वस्तुओं के निर्यात से रोका जाएगा। इनमें सैन्य ड्रोन बनाने वाली कंपनियां और दुर्लभ खनिजों से जुड़ी कुछ कंपनियां शामिल हैं। दोहरे उपयोग'' से तात्पर्य ऐसे सामानों से है जिनका उपयोग सैन्य और गैर-सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात प्रतिबंध चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए और अमेरिकी सरकार द्वारा ''कथित चीनी सैन्य कंपनियों की सूची'' के गलत विस्तार के जवाब में लगाया गया है। इन 10 कंपनियों में कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित एविओएक्स; यूटा के साउथ साल्ट लेक स्थित रेड कैट होल्डिंग्स तथा टील ड्रोन्स; यूटा के सप्रिंगविल स्थित आईएमएसएआर; रोड आइलैंड के ब्रिस्टल स्थित जाइया रोबोटिक्स; कोलोराडो के ब्रूमफील्ड स्थित बॉल एयरोस्पेस एंड टेक्नोलॉजीज; विस्कॉन्सिन के ओशकोश स्थित ओशकोश डिफेंस; वर्जीनिया के नॉरफॉक स्थित एल3हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज; लास वेगास स्थित एमपी मटेरियल्स और ओक्लाहोमा के स्टिलवॉटर स्थित यूएसए रेयर अर्थ शामिल हैं।

आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अलग से सरकारी संस्थाओं को 46 अमेरिकी कंपनियों (जिनमें लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन मिसाइल्स एंड डिफेंस शामिल हैं) के उत्पाद खरीदने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

प्रतिबंध ट्रंप व शी के बीच बनी सहमति के विपरीत

वाणिज्य मंत्रालय ने उस समय कहा था कि ये प्रतिबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में चीन यात्रा के दौरान उनकी चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ बनी सहमति के विपरीत हैं। मंत्रालय ने सोमवार की घोषणा में कहा कि किसी अन्य देशों की कंपनियों या लोगों को चीन द्वारा प्रतिबंधित अमेरिकी कंपनियों तक दोहरे उपयोग (डुअल-यूज़) वस्तुओं के हस्तांतरण की अनुमति नहीं होगी।

हेनली वेल्थ 2026 की जारी रिपोर्ट में बताया गया

इस साल दुनिया के 1.65 लाख करोड़पति छोड़ रहे हैं अपना देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में कई ऐसे अमीर लोग है जो अब सिर्फ पैसा और आलीशान जिंदगी के लिए नहीं, बल्कि बेहतर सुविधाओं और भविष्य की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देशों में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

- बेहतर सुविधाएं व भविष्य की तलाश में जा रहे

करोड़ों-अरबों की संपत्ति रखने वाले कई करोड़पति अब दूसरे देशों में अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। हेनली के अनुमान 2026 के मुताबिक, इस साल करीब 1.65 लाख करोड़पति पैसा, रुतबा और शानदार जिंदगी होने के बावजूद अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में शिफ्ट होने जा रहे हैं। अमीरों के देश छोड़ने का ये ट्रेंड दुनियाभर में काफी तेजी से देखने को मिल रहा है।

यूएई बना अमीरों का नया ठिकाना

बताया जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दुनिया भर के अमीरों की पहली पसंद बन चुका है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यहां की बेहतर लाइफस्टाइल और बिजनेस का माहौल अमीरों को अपनी ओर खींचता हैं। यूएई का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 85.3 बताया जा रहा है, जो इसे सबसे पसंदीदा देशों में शामिल करता है। वहीं अमेरिका का स्कोर 62.3 है। चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका से भी ज्यादा लोग दूसरी नागरिकता और नए ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।

भारतीय अमीर क्यों छोड़ रहे हैं देश?

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को लेकर भी कई अहम बातें सामने आई हैं। भारत का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 56.5 बताया गया है। भारतीय अमीरों के दूसरे देशों में जाने के पीछे मुख्य कारणों में पूंजी पर सीमित कंट्रोल और कड़े टैक्स नियम शामिल हैं।

अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों पर असर

रईसों के देश छोड़ने के इस ट्रेंड का असर अब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर भी दिखाई दे रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से बाहर जाने वाले अमीरों की संख्या भी बढ़ रही है। ब्रिटेन इस समय अमीरों के देश छोड़ने के मामले में दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल है। हालांकि, ब्रिटेन से बाहर जाने वाले लोगों में बड़ी संख्या खुद ब्रिटिश नागरिकों की है।

रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा पलायन : दुनिया में करोड़पतियों के दूसरे देशों में बसने का आंकड़ा पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबि 2026 में 1.65 लाख अमीरों के देश छोड़ने का अनुमान है।

चिंतन

आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना। ऐसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।

विकसित भारत 2047

नरेंद्र सिंह तोमर

संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष 2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष

मोहित सिंगला

एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युगपुरुष

कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।" अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था "या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।" अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति

संकलित

दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें

संकलित

प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

सटाका

आज की पाती

दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। - *विजय कुमार, रोहतक*

ट्रेंड

पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे



पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। -**नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

छक्का लगाया

जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। -**एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र

उनकी वफादारी बिकाऊ

शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। -**आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र

प्रयोगशाला को मंजूरी दें

आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। -**रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

करंट अफेयर

कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।

ऑफ बीट

भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे।

एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

राष्ट्रपति मुर्मू ने देखी चीता प्रदर्शनी, चीता कमांड कंट्रोल सेंट्रल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुनो नेशनल उद्यान के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के अवलोकन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को चीतों कि निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रपति ने चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर परिसर में चीता प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति पर लगाई गई प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कुनो में मौजूद है, तीन चीते गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर भेजे गए है।

चीतों की निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी

सीसीफ, कलेक्टर, डीएफओ सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद

चीता प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

इस मौके पर सीसीफ उत्तम कुमार, कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ आर थिरूकुराल आदि मौजूद रहे। कलेक्टर दाहिमा ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से चीता के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इस दौरान चीतों के लिए की गई सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। उन्हें बताया गया कि हर 2 किमी पर जंगल में वाटर पिट बनाए गए हैं, जिनमें अवश्यकतानुसार पानी भरवाया जाता है। उन्हें बोत्सवाना से लाए गए चीतों की गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान 8 चीते रिसीव किए गए थे जिन्हें कुनो लाया गया है।

राष्ट्रपति की कूनो हेलीपैड पर प्रभारी मंत्री ने की अगवानी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपैड पर मिनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, पीसीसीफ शुभरंजन सेन, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौजन्य भेंट, स्मृति चिन्हों का हुआ आदान-प्रदान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से जबलपुर सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस गरिमामयी मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संस्कृति व श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए जीवनदायिनी मां नर्मदा की बेहद सुंदर प्रतिमा भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुरी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की अलौकिक तस्वीर सप्रेम भेंट की।

राष्ट्रपति से भेंट करते मुख्यमंत्री।

ओडिशा की ऐतिहासिक धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर के विश्व प्रसिद्ध चक्र की भव्य प्रतिकृति भी उपहार स्वरूप प्रदान की।

योगाभ्यास में राज्यपाल ने कहा: स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन

पीएम मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का वैश्विक पटल पर कराया परिचय: सीएम

लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, भारत ने अपने ज्ञान-विवेक और विचार से सदैव सभी को एक-दूसरे से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, हमारी आध्यात्मिक चेतना और समृद्ध सनातन संस्कृति का वैश्विक पटल पर परिचय कराया है। प्रधानमंत्री ने जब वर्ष 2015 में विश्व योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सभा में रखा तो 175 से ज्यादा देशों ने इसका ऐतिहासिक समर्थन किया था। इस वर्ष सामूहिक योग सत्रों में करीब 30 से 35 करोड़ लोग शामिल हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने को योग से जोड़ने के लिए "हर घर योग अभियान" सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मप्र तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की।

योगमय हुआ मप्र, अनिगनत साधकों ने किया योगाभ्यास

विश्व कल्याण का आधार है योग: सीएम डॉ. यादव

योग करतीं राष्ट्रपति।

योग करते मुख्यमंत्री।

संतुलित, सरल, आनंदमयी जीवन की पद्धति है योग

सामूहिक योगाभ्यास में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन को संतुलित, सरल और आनंदमयी बनाने की पद्धति है। योग ही स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने स्वस्थ जीवन का जो मार्ग दिखाया था, आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारतीय योग को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिया गया।

मध्यप्रदेश है योगियों की तपोस्थली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश योगियों की तपोस्थली रही है। भगवान श्रीकृष्ण को मप्र की धरती पर योग का ज्ञान प्राप्त हुआ। मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संपन्नता गौरवशाली इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की,यहां उन्होंने 64 कला और 14 विद्याओं का गहन अध्ययन किया, इनमें योग विज्ञान सबसे प्रमुख था।

बोट क्लब पर सामूहिक योग कार्यक्रम

भोपाल। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बोट क्लब पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में भोपालवासियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर योग के महत्व और स्वस्थ जीवन में उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

भाजपा के योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में भोपालवासी हुए शामिल

सशक्त जीवन का संदेश

'योग फॉर हेल्दी ऐजिंग' रखी गई

है, जो स्वस्थ, सक्रिय,आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर सभी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

गोंदरमऊ को तीर्थस्थल के रूप में करेंगे विकसित

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि का जन्म भोपाल के गोंदरमऊ गांव में हुआ था, तो वह इस क्षेत्र को योग तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम प्राचीन संस्था योग अनुसंधान परिषद में आयोजित किया गया, जहां सांसद ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

पीएम के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

पर्यटन निगम के अधिकारियों ने मिंटो हॉल में किया योग

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के उद्बोधन का प्रसारण सुनते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मप्र पर्यटन बोर्ड की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने योग को विश्व शांति और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि योग सबको जोड़ता है, सबको साथ लाता है और जब योग हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

कार्यक्रम में मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी., अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर तथा संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अंकेश भदौरिया सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। सचिव पर्यटन एवं मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल स्वास्थ्य गतिविधि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं जीवन मूल्यों से जुड़ी समृद्ध विरासत का अभिन्न हिस्सा है। योग हमें अनुशासन, आत्मविश्वास सिखाता है।

योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर आयोजित हुआ

पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ सेवा समिति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी उत्साह से योगाभ्यास किया। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में संत हिरदाराम आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की प्रशिक्षित टीम द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया।

राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे थे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में लिया भाग, 333 विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे। यहां शहर के स्टेट स्कूल में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन में उन्होंने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 510 करोड़ 89 लाख 16 हजार रुपये की लागत वाले 333 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रगतिशील किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े किसानों को सम्मानित भी किया। साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रगतिशील किसान सम्मेलन के साथ 510 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। स्कूल खुलने के बाद विभिन्न स्कूलों में सामने आ रही समस्याओं को लेकर उन्होंने कहा कि जहां भी व्यवस्थाओं में कमी की जानकारी मिलेगी, वहां सुधार किया जाएगा।

81 एटीएम, 62 पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद

ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 81 एटीएम कार्ड, 62 बैंक पासबुक और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई खुर्सीपार थाना पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने की।

आरोपियों द्वारा गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाए जाते थे। इन खातों का उपयोग अवैध वित्तीय लेनदेन और ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए किया जा रहा था। आईपीएल सीजन के दौरान रांची (झारखंड) से इस नेटवर्क का संचालन किया गया और अन्ना रेड्डी ऑनलाइन बेटिंग एप्लीकेशन के माध्यम से सट्टा कारोबार चलाया जा रहा था। दुर्ग ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि खुर्सीपार थाना पुलिस ने इस मामले में अजय मिश्रा निवासी सेक्टर-1, एवेन्यू सी, भिलाई, दीपक कुमार निवासी ग्राम नगदोई, जिला नालंदा (बिहार) और करण कुमार सिंह निवासी बालाजी नगर, खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों से एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क, 13 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, 62 बैंक पासबुक, 81 एटीएम कार्ड और पांच चेकबुक बरामद किए हैं।

घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई खेल मैदान, खुर्सीपार स्थित बिजली पोल के पास तीन युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालित कर रहे हैं। उनके पास बड़ी संख्या में बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य बैंकिंग दस्तावेज भी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों की पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, लैपटॉप और हार्ड डिस्क बरामद किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने ऑनलाइन जुआ-सट्टा संचालन और अवैध वित्तीय लेनदेन में संलिप्त होने की बात स्वीकार की।

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया योग दिवस

भोपाल। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कंपनी मुख्यालय स्थित आस्था परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, संयुक्त निदेशक दीपक चौरासे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. गोयल सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा ने योग दिवस कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है।

स्वस्थ जीवन शैली का लिया संकल्प

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेश के श्रमिकों के कल्याण और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें योग से जुड़ने का विशेष आह्वान किया था। मंत्री पटेल के इस प्रेरक आह्वान का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला! अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के औद्योगिक और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।

प्रदेश के कुल 337 संस्थानों में 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन ने कहा कि योग किसी एक दिवस तक सीमित न होकर, श्रमिकों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि श्रमिक प्रतिदिन योग से जुड़ें, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रह सकें। एक स्वस्थ और ऊर्जावान श्रमिक ही आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। श्रम विभाग और मप्र श्रम कल्याण मंडल के प्रयासों से आयोजित इस प्रदेश स्तरीय योग कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। श्रम मंत्री पटेल ने स्वयं जबलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रमिकों के साथ योग किया।

वाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य सामग्री मिली

आईएसआई एजेंट गिरफ्तार, दे रहा था संवेदनशील जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पंजाब के तरनतारन जिले के एक 23 वर्षीय युवक को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से गिरफ्तार किया गया है। उस पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान सेवक सिंह के रूप में हुई है। वह पाकिस्तान समर्थित आईएसआई नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में था। जांच के दौरान सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति संबंधी चर्चाएं भी सामने आई हैं। सिंह को अकलतरा कस्बे में किराएदार सत्यापन अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। सत्यापन के दौरान वह संदिग्ध पाया गया। उसके खिलाफ अकलतरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उसके मोबाइल फोन की जांच से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सामग्री मिली है। यह सामग्री आईएसआई नेटवर्क से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों के साथ संचार का संकेत देती है।

पौधरोपण कर दिया स्वस्थ एवं हरित भविष्य का सकारात्मक संदेश

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस परिवार ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धृति कल्याण शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से 25वीं वाहिनी के हॉल में योग कार्यक्रम एवं धृति 23वीं वाहिनी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, सकारात्मक जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय,भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस लाइन नेहरू नगर, 23वीं वाहिनी विसबल, 25वीं वाहिनी विसबल, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल तथा झूला घर पुलिस मुख्यालय भोपाल से जुड़े पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देहात पुलिस का सामूहिक योगाभ्यास

भोपाल। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) पुलिस परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ आयु के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल (देहात) रेंज संजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक, भोपाल ग्रामीण रेंज राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय एवं एसडीओपी मंजू चौहान उपस्थित रहीं। योगाभ्यास का प्रशिक्षण लाइव प्रसारण एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कराया गया, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

बरेला में भीषण सड़क हादसा

ट्राला और अर्टिगा की जोरदार टक्कर में एक की मौत, पांच घायल

जबलपुर। जिले के बरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा मंदिर नागा घाटी स्थित मंगलायतन कॉलेज के सामने सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्राला और अर्टिगा कार के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार अर्टिगा कार में कुल सात लोग सवार थे, जो रायपुर में एक सगाई समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वाहन मंगलायतन कॉलेज के सामने पहुंचा, सामने से आ रहे ट्राला से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में राजेश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पीछे बैठे एक यात्री को सुरक्षित बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

विश्व योग दिवस पर खिलाड़ियों ने लिया विशेष योग प्रशिक्षण, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मदन महल स्थित रॉक फोर्ट सॉफ्टसोल कंप्यूटर एकेडमी परिसर में मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी एवं क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व एवं उसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। योग प्रशिक्षिका सुश्री योग्यता बर्मन ने खिलाड़ियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं श्वसन क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा नियमित योग को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक रंजन शुक्ला ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक है।मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव ने कहा कि खेल और योग एक-दूसरे के पूरक हैं तथा योग खिलाड़ियों की एकाग्रता, अनुशासन और प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति सहित विभिन्न योगाभ्यासों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आनंद श्रीवास्तव, मानव राज यादव, चारु कश्यप, राजा कुशवाहा, कृतिका खियानी, गौरव कश्यप, मानवी यादव सहित अन्य सदस्य, खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में राजकुमार यादव ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

संगीत मत्स्यगंधा के प्रभावशाली मंचन से भावविभोर हुए दर्शक

दिखा महाभारत काल के पात्रों की भावनाओं का संघर्ष

जबलपुर। महाराष्ट्र समाज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय मराठी संगीत नाट्य उत्सव के समापन दिवस पर विधायक द्वय अभिलाष पांडे एवं अशोक रोहाणी प्रमुख रूप से व्यस्तता के बावजूद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सबसे वरिष्ठ दर्शक तोपखानेवाले का स्वागत सम्मान स्थानीय विधायक अभिलाष पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मप्र मराठी अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले ने विगत दो वर्ष के कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। मंच पर अनिल राजुरकर, डॉ. बीके पानसे, डॉ. माणिक पानसे, पीपी फडणवीस आदि मंचसीन रहे। नाट्य उत्सव के समापन दिवस पर स्वर्गीय वसंत कानेटकर द्वारा लिखित "संगीत मत्स्यगंधा" नाटक का मंचन किया गया, जिसमें महाभारत-पूर्व कालखंड का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण किया गया है। नाटक में प्रतिज्ञाबद्ध देवव्रत अर्थात भीष्म, महत्वाकांक्षी धीवर-कन्या सत्यवती, सत्यवती के प्रेम में पूर्णतः निमग्न महाराज शांतनु तथा उसी सत्यवती से प्रेम कर उसे गर्भवती छोड़ तपस्या हेतु हिमालय प्रस्थान करने वाले ऋषि पराशर की भावनाओं, संघर्षों और संबंधों की जटिलता का भावपूर्ण मंचन संगीत मत्स्यगंधा नाटक के कलाकारों ने किया, जिससे दर्शक भावविभोर हो गये।

मुक्ता मिश्रा को दो स्वर्ण पदक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से मिला सम्मान

जबलपुर। ग्वारीघाट निवासी श्रीमती मुक्ता मिश्रा, धर्मपत्नी श्री सुबोध मिश्रा, ने वर्ष 2022 में प्राचीन इतिहास विषय में एम.ए. की उपाधि प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। अपनी असाधारण सफलता के लिए उन्हें दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। श्रीमती मिश्रा को एक स्वर्ण पदक इतिहास विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने तथा दूसरा स्वर्ण पदक महिला विद्यार्थियों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन एवं विद्वत्ता का प्रतीक है, जो अन्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

बिजली विभाग की नाकामी के खिलाफ कांग्रेस का विशाल जनआंदोलन, विधायक लखन घनघोरिया ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। पूर्व विधानसभा क्षेत्र एवं शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत व्यवस्था, त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों और उपभोक्ताओं की समस्याओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में रविवार को विशाल जनआंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों, कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने, जर्जर पोल एवं तार बदलने, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने, स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतों का निराकरण करने तथा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर कांग्रेस और जनता मिलकर और व्यापक आंदोलन करेगी। विधायक श्री घनघोरिया ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से आमजन लंबे समय से परेशान हैं और अब जनता अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार है। आंदोलन में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कदीर सोनी, रूपेंद्र पटेल, सतीष उपाध्याय, अनुराग गढ़वाल, जतिन राज, कलीम खान, संजय साहू, गुलाम हुसैन, राकेश पांडे, जीतू ठाकुर, कल्लन गुप्ता, डॉ. रामाकांत रावत, प्रमोद पटेल, याकूब अंसारी, आसिफ इकबाल, अभिषेक चंदेल, असित यादव 'रिंकू', संजय अहिरवार, इस्तियाक अहमद अंसारी, जहूर खान, राजेश दीवान, गुड्डू नवी, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, सोनू कुकरेले, पारस जैन, सागर शुक्ला, सहित हजारों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सेंट मैरी हा.से. स्कूल वीएफजे में स्टाफ व विद्यार्थियों ने किया योग

जबलपुर। सेंट मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल वीएफजे जबलपुर ने 21 जून 2026 को स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। यह दिवस विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समग्र विकास के लिए दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डालना था। समारोह की शुरुआत सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व के बारे में संक्षिप्त परिचय के साथ हुई। स्कूल के उपाध्यक्ष रेव. फादर अब्राहम पीजे और प्रिंसिपल मिनाती एस चार्ल्स ने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से एकाग्रता बढ़ाने, अनुशासन विकसित करने और तनाव को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग प्रशिक्षक अपूर्वा ने एक व्यापक सामूहिक योग सत्र का नेतृत्व किया। विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार सहित कई वार्म-अप अभ्यासों और मूलभूत आसनों का अभ्यास किया। योग सत्र में नियंत्रित श्वांस तकनीक (प्राणायाम) और मन को शांत करने के लिए एक संक्षिप्त निर्देशित ध्यान सत्र भी शामिल था। कार्यक्रम का सफल समापन कार्यक्रम प्रभारी प्रिया भाटिया द्वारा दिए गए धन्यवाद भाषण और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय में मनाया गया योग दिवस



जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय, जबलपुर में "योग एवं ध्यान" कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ़ लिविंग के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आंचलिक प्रबंधक विकास कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास ऋतु राज असाटी (मुख्य योगाचार्य) के नेतृत्व में किया। विकास कुमार जायसवाल (अंचल प्रबंधक) ने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। मुख्य प्रबन्धक अशोक कुमार चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली एवं योग के व्यापक प्रसार के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक के अन्य रिटायर्ड स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

पनागर विधायक ने महाराजपुर व सुहागी में वितरित किए स्वीकृति पत्र

जबलपुर। पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 75, 77 तथा सुहागी-महाराजपुर क्षेत्र में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी 'इन्दू' उपस्थित रहे, जहां उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए।शिविर के दौरान विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता पनागर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-09
दिनांक :- 22/06/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया देवी नाग्देव पति श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 12/1/GF/S-1 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 198 व.फु व्यावसायिक स्वंय निर्मित क्षेत्रफल 198 व.फु, भूतल 198 व.फु व्यावसायिक स्वंय दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

स्व. पं. काशीनाथ शर्मा के नाम हुआ मार्ग का नामकरण

सिविल लाइन से साईं मंदिर तक मार्ग को मिली नई पहचान

जबलपुर। शहर की निष्पक्ष एवं मूल्य आधारित पत्रकारिता के प्रतीक स्व. पंडित काशीनाथ शर्मा की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा सिविल लाइन चौराहा से साईं मंदिर तक के मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया गया। अब यह मार्ग "पंडित काशीनाथ शर्मा मार्ग" के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर जबलपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित समारोह में मार्ग का लोकार्पण मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा किया गया। अतिथियों ने स्व. शर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि स्व. पंडित काशीनाथ शर्मा ने जीवनभर निडर, निष्पक्ष और मूल्य आधारित पत्रकारिता की। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उन्हें समाज का दर्पण बताते हुए युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि वे पत्रकारिता के साथ-साथ सभी के सुख-दुख में सहभागी रहने वाले व्यक्तित्व थे। कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, जे.डी.ए. अध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, आलोक मिश्रा, श्याम कन्नौजिया, सोनू बचवानी, पत्रकार संघ अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन परितोष वर्मा ने किया।

म.प्र. के 5 लाख पेंशनर्स की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग

जबलपुर। मध्यप्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनर्स की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण में हो रही देरी पर पेंशनर्स ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पेंशनर्स का कहना है कि महंगाई राहत, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आर्थिक लाभों का समय पर भुगतान नहीं होने से उनमें निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। पेंशनर्स ने प्रमुख मांगों में म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स पर प्रस्तावित 4 प्रतिशत प्रीमियम का पुनर्विचार करने, सभी आर्थिक लाभ एवं एरियर का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, छठवें एवं सातवें वेतनमान सहित कोरोना काल के लंबित एरियर का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने, 80 वर्ष के स्थान पर 79 वर्ष पूर्ण होने पर अतिरिक्त पेंशन लाभ देने तथा कर्मचारियों की भांति उपादान राशि प्रदान करने की मांग की। पेंशनर्स ने राज्य सरकार से उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र समाधान करने की अपील की। इस अवसर पर वी.पी. शुक्ला, डॉ. अरुण पांडे, डॉ. ए.के. गौर, डी. शर्मा, डॉ. पांडे, अशोक शिवहरे, के.के. शुक्ला, सतीश, रजनी राठौर, सुशीला पटेल, अजीत मिश्रा, प्रफुल टिहरी, मोहन विश्वकर्मा, शैलेंद्र रजक, सियाराम विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
रा.प्र.क्र 310/ अ-6/ 2026-27
// आम इश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण दास पाहुजा (अन्य) पिता श्री दरियानामल पाहुजा निवासी- 610, छोटी ओमती जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं.97, प्लॉट नं.12/18 रकवा 1662 व.फु./ हे. ग्राम बेलबाग, प.ह.नं.... खसरा नं..... रकवा 1662 व.फु./ हे. पर विक्रयपत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक.....
मृत्यु दिनांक 03/05/2001
21/02/2006 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र..... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार..... नजूल ब्लॉक नं.97, प्लॉट नं. 12/18..... रकवा 1662 व.फु./ हे. ग्राम बेलबाग, प.ह.नं.... खसरा नं..... रकवा 1662 व.फु./ हे. पर .... के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/06/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 07/05/2026
पेशी दिनांक 25/06/2026
तहसीलदार
मुहर रांझी, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-10
दिनांक :- 22/06/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेश नाग्देव पिता श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 392 वार्ड पं मदन मोहन मालवीय कुल क्षेत्रफल 508.65 व.फु निर्मित क्षेत्रफल 896 व.फु, भूतल 216 व.फु Resi., 292 व.फु Com., प्रथमतल 388 व.फु Resi. दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

वीआईटी विवि प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 94 स्थान ऊपर चढ़कर 597वें नंबर पर

वेल्लोर। वीआईटी वि.वि. ने प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 597वां स्थान हासिल करके एक अहम उपलब्धि हासिल की है।ग्लोबल हायर एजुकेशन एनालिसिस फर्म, क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने अपनी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का लेटेस्ट एडिशन जारी किया है। इसमें दुनिया भर के 1,500 से ज़्यादा संस्थानों का मूल्यांकन पाँच मुख्य पैमानों पर किया गयाः रिसर्च और डिस्कवरी, लर्निंग एक्सपीरियंस, एम्प्लॉयबिलिटी, इंटरनेशनल एंगेजमेंट और सस्टेनेबिलिटी। इस साल, वीआईटी ने ज़बरदस्त तरक्की की है और 2026 की पिछली रैंकिंग (691) से 94 स्थान ऊपर चढ़कर बेहतर प्रदर्शन किया है।इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा, 'बेहद कॉम्पिटिटिव ग्लोबल माहौल में, क्यू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में वीआईटी यूनिवर्सिटी का यह अहम सुधार बहुत गर्व की बात है।' उन्होंने आगे कहा, ''यूनिवर्सिटी ने सस्टेनेबिलिटी कैटेगरी में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है और 2026 की रैंकिंग में दुनिया भर में 352वां और भारत में 7वां स्थान हासिल किया है। इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के लिए QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2026 में, वीआईटी को दुनिया भर में 119वां और भारतीय संस्थानों में छठवाँ स्थान मिला है। टीचिंग में इनोवेशन और रिसर्च में ज़बरदस्त तरक्की के ज़रिए, वीआईटी का लक्ष्य दुनिया की टॉप 200 यूनिवर्सिटीज़ में शामिल होना है।'

जबलपुर में 'मैटर' की एंट्री, AERA 5000+ गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक लॉन्च

जबलपुर। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी मैटर ने मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए जबलपुर में अपनी नई गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक **AERA** 5000+ लॉन्च की है। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने शहर में अपना दूसरा एक्सपीरियंस हब भी स्थापित किया है, जिससे स्थानीय राइडर्स को आधुनिक इलेक्ट्रिक तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव मिल सकेगा। कृषि उपज मंडी रोड स्थित इस एक्सपीरियंस हब में ग्राहक बाइक का डेमो और टेस्ट राइड ले सकेंगे तथा मैटर की हाइपरशिफ्ट तकनीक का अनुभव कर सकेंगे, जिसमें 4-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ इलेक्ट्रिक पावर का संयोजन शामिल है। कंपनी के अनुसार, **AERA** 5000+ को भारतीय सड़कों और दैनिक उपयोग को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसकी कीमत 1,93,826 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है तथा बुकिंग कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।मैटर के संस्थापक कुमार प्रसाद तेलिकेपल्ली ने कहा कि जबलपुर में लॉन्च मध्य भारत में विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक व्यावहारिक और रोमांचक बनाएगा। वहीं डीलर प्रिंसिपल अमन मित्तल ने कहा कि यह तकनीक प्रदर्शन, पर्यावरण और आधुनिकता को एक साथ जोड़ती है। कंपनी ने बताया कि **AERA** 5000+ लाइफटाइम बैटरी वारंटी के साथ आती है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक भरोसेमंद उपयोग का लाभ मिलेगा।

सीमित संसाधनों वाले समुदायों के लिए

मलाबार ग्रुप और आईपीएम की साझेदारी में 'मलाबार केयर कनेक्ट' पहल शुरू

नई दिल्ली। मलाबार ग्रुप और इंस्टीट्यूट ऑफ पैलिएटिव मेडिसिन(आईपीएम) के साथ मिलकर 'मलाबार केयर कनेक्ट' नामक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल तकनीक, सामुदायिक सहभागिता, प्रशिक्षण और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से पैलिएटिव केयर सेवाओं को अधिक लोगों तक पहुंचाना है। यह साझेदारी विशेष रूप से उन वंचित और सीमित संसाधनों वाले समुदायों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां गुणवत्तापूर्ण पैलिएटिव केयर सेवाओं तक पहुंच अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। कोझिकोड स्थित आईपीएम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों संस्थाओं के बीच समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एम. पी. अहमद और श्रीकुमार पी. सी. ने अभिनय को अभिनय रूप दिया।

कार्यालय सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/निविदा/2026/94 — बालाघाट दिनांक-18/06/2026

टेंडर आमंत्रण सूचना

शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में 2026-27 एवं 2027-28 वर्ष के लिये 18 माह (18 महीने) के लिये सायकल स्टैंड हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है ।

टेंडर डाक्यूमेंट जिसमें शर्तों का उल्लेख है इसका अवलोकन वेब साईड http://www.mptenders.gov.in में जाकर टेंडर डाक्यूमेंट 1000/- राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा में सायकल स्टैंड के लिये ऑनलाईन प्रतिभुति राशि / अमानत राशि 100000 / (एक लाख रुपए) जमा करना आवश्यक होगा। जमा की गई राशि की छायाप्रति टेंडर डॉक्यूमेंट संलग्न करना अनिवार्य होगा। सायकल स्टैंड हेतु शासकीय आफसेट राशि 775000/- सात लाख पछत्तर हजार रुपए एक वर्ष की राशी निर्धारित की गई है। निविदाकार की निविदा स्वीकृत होने पर निविदा की स्वीकृत राशि का डिमांड ड्राफ्ट सात दिनो के भितर जिला चिकित्सालय के रोगी कल्याण शाखा में जमा कराना होगा। तत्पश्चात कार्य आदेश जारी किया जावेगा । निविदाएं दिनांक 25/06/2026 सायं 05. 00 बजे से प्रारंभ होकर अंतिम तिथि 16/07/2026 दोपहर 12:00 बजे तक भरी जा सकती है निविदाओं की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य नही है। टेक्नीकल बीड / निविदाए 20/07/26 को दोपहर 01.00 बजे क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी एवं दर बीड खोले जाने की सूचना पृथक से दी जावेगी । निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार क्रय / निविदा समिति व अधोहस्ताक्षकर्ता का होगा जो अंतिम व सर्वमान्य होगा ।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बालाघाट

G-14739/26

सरकार की सख्ती, कमजोर मांग और रकबे में वृद्धि की उम्मीद से भाव में बड़ी गिरावट

सोयाबीन, सरसों सहित सभी खाद्य तेल 12 से 15 रुपए किलोग्राम तक हुए सस्ते

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

देश के खाद्य तेल बाजार में इस समय नरमी का माहौल बना हुआ है। सरकार की सख्ती, कमजोर मांग और सोयाबीन के रकबे में बढ़ोतरी की उम्मीद के चलते सोया, सरसों सहित अन्य प्रमुख खाद्य तेलों की कीमतों में 10 से 12 रुपये प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तिलहन की बढ़ती आपूर्ति ने उपभोक्ताओं को राहत दी है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, जमाखोरी पर सख्त निगरानी और आयातित खाद्य तेलों की बेहतर उपलब्धता के कारण स्टॉकिस्टों ने बिकवाली बढ़ा दी है, जिससे कीमतों पर लगातार दबाव बना हुआ है। स्थानीय तेल ब्रोकरों रमाकांत तिवारी के अनुसार भोपाल के हनुमानगंज और जुमेराती जैसे जिंस बाजारों में पिछले एक सप्ताह में खाद्य तेलों की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है।

तेल मिलों के पास भरपूर स्टॉक के चलते दामों में गिरावट दर्ज | निकट भविष्य में कीमतों में तेज उछाल की संभावना फिलहाल कम

डिब्बा पैक तेलों में भी दर्ज हुई गिरावट

डिब्बा पैक तेलों में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज की गई है। 15 किलो सोयाबीन तेल का टिन 2600–2650 रुपए से घटकर लगभग 2450 रुपए हो गया है। मूंगफली तेल का टिन 3000–3100 रुपए से घटकर 2750 रुपए, जबकि सरसों तेल का टिन 2900 रुपए से घटकर लगभग 2750 रुपए पर पहुंच गया।

किसानों और व्यापारियों की नजर आगे की फसल पर

हालांकि वर्तमान में उपभोक्ताओं को राहत मिली है, लेकिन बाजार में अनिश्चितता अभी बनी हुई है। व्यापारी और किसान आगामी फसल, मानसून की स्थिति और वैश्विक बाजार के रुझानों पर नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में किसी भी बड़े बदलाव या मौसम संबंधी चुनौती का सीधा असर घरेलू खाद्य तेल कीमतों पर पड़ सकता है। फिलहाल खाद्य तेल बाजार में नरमी का रुख जारी है और सोया, सरसों समेत प्रमुख तेलों के दाम घटने से महंगाई के दबाव में कुछ कमी आई है।

उपभोक्ताओं को मिली राहत

तेल व्यापारी अपूर्व पवैया के अनुसार खाद्य तेल रोजमर्रा की रसोई की सबसे जरूरी वस्तुओं में से एक है। कीमतों में यह गिरावट सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर सकारात्मक असर डालेगी। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में तिलहन उत्पादन और आयात की स्थिति स्थिर बनी रहती है, तो कीमतों में और अधिक स्थिरता देखी जा सकती है।

खाद्य तेलों की कीमतों पर एक नजर

- सोयाबीन तेल 165 रुपए प्रति किलो से घटकर लगभग 155 रुपए प्रति किलो पर आ गया है
- मूंगफली तेल 210 रुपए से घटकर 180–185 रुपए प्रति किलो के बीच बिक रहा है
- सनफ्लावर तेल 200 रुपए से घटकर 170–175 रुपए प्रति किलो हो गया है
- पाम ऑयल 160–165 रुपए से घटकर 152–153 रुपए प्रति किलो पर आ गया है
- सरसों तेल 185–190 रुपए से घटकर 170–175 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है
- राइस ब्रान तेल 155–160 रुपए से घटकर 145–150 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

N.IT. NO./PWD/e-tendring/PRO/ 331 — Dated- 22/06/2026

प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	Date - 24/06/2026 Tender ID 2026_UAD_516645_1	संभाग क्रमांक -14 के समस्त वार्डो में सिटी प्रोफाईल के point के मरम्मत कार्य	03 माह / 4.23 लाख	2000/- / 4237/-	08/07/2026
2.	Date - 24/06/2026 Tender ID 2026_UAD_516645_2	संभाग क्रमांक -14 अंतर्गत विजयनगर में विभिन्न स्थानों में डिवाईडर मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य।	03 माह / 8.31 लाख	2000/- / 8317/-	08/07/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोककर्म विभाग
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

क्रमांक.03/भण्डार/न.पा.नि./2026-27 — सतना, दिनांक 19/06/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/सप्लाई हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइड http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक व दिनांक	निविदा क्रमांक	सामग्री का प्रकार	अनुमानित व्यय प्राक्कलन	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समग्री आपूर्ति की अवधि
1	03/01 19/06/2026	2026_UAD_516714_1	होर्डिंग/बैनर प्रिन्ट कार्य (द्वितीय काल)	20,00,000/-	40,000/-	5,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-2027
2	03/02 19/06/2026	2026_UAD_516717_1	फ्लावर डेकोरेशन कार्य (द्वितीय काल)	10,00,000/-	20,000/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-2027

शर्त-: 1. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाइन बेबसाइट http://www.mptenders.gov.in ऑनलाइन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 20/06/2026 समय 15-30 बजे से दिनांक 06/07/2026 समय 17-30 बजे तक खरीदी जा सकती है। 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी ।

भंडार प्रभारी
नगर पालिक निगम, सतना (म. प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./19/व.ले.लि./का.यं./ लो.स्वा.यां./2026 — डिण्डौरी, दिनांक 18.06.2026

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly sealed) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 18.06.2026 को शाम 17.30 बजे से दिनांक 02.07.2026 को शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है ।

स. क्र.	ई निविदा क्र.	नि.सू. क्र.	वि.सं./ जिला	विवरण	अनु.लागत (PAC) (रू. में)	धरोहर राशि (PAC) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	रिमार्क
1	2026_PHED_516431_1	19	डिण्डौरी	Reparing and Maintenance work of Existing Piped water supply scheme at Varrious Village in District Dindori and Village Ghusiya mal, Block - Dindori (Work execution as per Commitee recommendation to be completed per job)	47.53	50000.00	5000.00	प्रथम आमंत्रण

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

G-14747/26

सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 199.75 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू, क्षमता विस्तार व सोलर प्रोजेक्ट को मिलेगा बल

सूरत। पॉलिएस्टर यार्न निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए 199.75 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य इस फंड से वित्तीय स्थिति को मजबूत करना, उत्पादन क्षमता का विस्तार करना तथा रणनीतिक परियोजनाओं को गति देना है।कंपनी इस राशि का उपयोग 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन, ऋण में कमी, कार्यशील पूंजी सुदृढ़ीकरण तथा कैप्टिव सोलर पावर परियोजना के विकास में करेगी। यह कदम कंपनी की बैकवर्ड इंटीग्रेशन रणनीति को मजबूत करेगा। सुमीत इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक प्रतीक आर. जाजू ने कहा कि यह राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे परिचालन क्षमता बढ़ेगी, ऋण भार घटेगा तथा एकीकृत पॉलिएस्टर वैल्यू चेन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अनुमान जताया कि अधिग्रहण के बाद वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनी के राजस्व में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि तथा आगे चलकर और बेहतर प्रदर्शन देखने को मिल सकता है। कंपनी ने बताया कि इस निवेश से उत्पादन क्षमता में वृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा में सुधार तथा दीर्घकालिक स्थायी विकास को समर्थन मिलेगा।

हैबिल्ड ने बनाया रिकॉर्ड 1 करोड़ लोग जुड़े

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले भारत के आदत-निर्माण वेलनेस प्लेटफॉर्म हैबिल्ड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपना 10वां विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अनुसार, केवल एक सप्ताह में 1 करोड़ से अधिक लोग इसके योग अभियान से जुड़े, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े सामुदायिक वेलनेस अभियानों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि हैबिल्ड की राष्ट्रव्यापी पहल 'हर घर योगा हर दिन होगा ।

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग वर्गीकृत) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-02, भोपाल, पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673195, E-mail : laghubpl2@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग क्रमांक-02/भोपाल/2026-27/45
भोपाल, दिनांक 22.06.2026

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्य का नाम-** परीक्षण प्रयोगशाला भवन रिछाई जबलपुर, जिला जबलपुर में नवीन इलेक्ट्रिकल लेबोरेट्री मय स्पेसीमेन रूम तथा सिविल, मेकेनिकल एवं केमिकल लेबोरेट्री में रिनोवेशन एवं रखरखाव कार्य **(द्वितीय आमंत्रण)**, अनुमानित लागत राशि रु. 79.97 लाख। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/126504/2026 — महाप्रबंधक (सं./नि.)

राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

शब्द पहेली - 6265



बाएँ से दाए-

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

ऊपर से नीचे

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

शब्द पहेली -6264 का हल

सूडोकु नवताल- 6275

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6274 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
23 जून 2026

सहेली

प्रेम को कभी परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्रेम का तो बस अहसास किया जा सकता है। पति-पत्नी के लिए प्रेम के बहुत अलग और गहरे मायने होते हैं, सिर्फ अपने साथी के लिए जीना, जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे का सहारा बनना। पति-पत्नी का प्रेम कभी एकतरफा बोझ नहीं डालता है। प्रेम में 'मैं' नहीं केवल 'हम' होता है। इस तरह के प्रेम में दंपती एकसार होकर अपना जीवन मधुरता और खुशियों से भर लेते हैं।

प्रेम न बाड़ी उपजै प्रेम न हाट बिकाय

कवर स्टोरी

डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

अगर आपसे यह प्रश्न पूछा जाए कि इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली क्या है, तो यह प्रश्न शायद आपको थोड़ा उलझा दे! लेकिन देखा जाए तो इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली है- प्रेम। आप सोच सकते हैं- प्रेम, जो केवल ढाई अक्षर का है, वह भला कैसे उलझा सकता है? जरा एक पल को रुकिए और सोचिए क्या वाकई प्रेम को समझना इतना आसान है? अगर इस पहेली को सुलझाना इतना सहज-सरल होता, तो निश्चित ही हर प्रेम विवाह सफल होता। अपने आस-पास ही देख लीजिए, हजारों युवा बड़े-बड़े वादों के साथ, कभी माता-पिता की सहमति से तो कभी उनके विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं, पर फिर वही प्रेम धीरे-धीरे बिखरने लगता है, और इसके साथ ही बिखरने लगते हैं वादे-कसमें। आखिर प्रेम क्यों बिखरने लगता है? यह प्रश्न हमें उसी पहेली तक वापस ले जाता है, जिसकी बात हमने शुरुआत में की थी।

प्रेम क्या है

सवाल यह है, जिसे हम प्रेम समझते हैं, क्या वह सच में प्रेम है? कई बार वह केवल आकर्षण होता है, जिसे हम प्रेम का नाम दे देते हैं। यहीं से उलझन शुरू होती है। किसी भी रिश्ते में बंधना जितना सहज है, उतना ही मुश्किल है उसे निभाना, विशेषकर जब रिश्ता पति और पत्नी का हो। यह रिश्ता दुनिया में सबसे अलग और सबसे अनूठा होता है, क्योंकि इसे आपने स्वयं चुना होता है। अगर आपका जीवन साथी आपके माता-पिता का चुनाव भी हो तो भी पति-पत्नी के संबंध का सर्वोच्च आधार सिर्फ और सिर्फ प्रेम होता है। वह 'प्रेम' जो ना तो शर्तों पर टिका होता है और ना ही अपेक्षाओं का एकतरफा बोझ डालता है। वह तो निरंतर निर्झर बहने वाली नदी के समान है, जो कभी थमती नहीं। प्रेम देह से ऊपर है, बुद्धि से ऊपर है, दिखावे और प्रसिद्धि से भी बहुत ऊपर है। उसका संबंध केवल हृदय से होता है। हमारे उस छोटे से दिल में, जो भले ही मुट्ठी भर का है, पर अपने भीतर पूरी दुनिया को समेट लेने की क्षमता रखता है। विश्वास कीजिए, प्रेम को किसी परिभाषा में बांधा नहीं जा सकता, इसका कोई तय नियम नहीं होता। प्रेम समर्पण है, अपनापन है और सबसे बढ़कर प्रेम 'मैं' नहीं, 'हम' होता है।

समझिए प्रेम के सही मायने

आप क्या वाकई जानना चाहती हैं कि 'प्रेम' क्या है? तो एक छोटी-सी घटना सुनिए। कुछ दिन पहले अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का एक साक्षात्कार देखा, जिसमें वह अपने पिता बोनी कपूर के साथ बैठी थीं। बोनी ने जाह्नवी को बताया कि उनकी मां (अभिनेत्री श्रीदेवी) चाहती थीं कि वह अपना वजन कम करें, इसलिए वह उन्हें टहलने के लिए प्रेरित करती थीं। श्रीदेवी की जिद पर एक दिन वह उनके साथ टहलने जाने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने जूते तो पहन लिए, पर झुककर फीते बांधना उनके लिए सहज नहीं था। बिना कुछ कहे ही श्रीदेवी ने उनकी इस परेशानी को समझ लिया और उनके जूतों के फीते बांध दिए। बोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अरे, यह तो ढीला है।' जब श्रीदेवी ने दोबारा बांधा, तो उन्होंने फिर कहा, 'यह तो बहुत टाइट हो गया।' यह सिलसिला यूं ही कुछ देर चलता रहा, लेकिन इस पूरे समय श्रीदेवी बिना किसी अधीरता के, मुस्कुराते हुए, हर बार उनके जूतों के फीते ठीक करती रहीं।

इस घटना को पढ़कर आप चौंक गए न! स्वाभाविक भी है, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी के लिए, विशेष कर लड़कियों के लिए तो ऐसा कुछ करना उनके आत्मसम्मान के खिलाफ होगा या इससे भी बढ़कर वह इसे पति की गुलामी का नाम देंगी। एक उदाहरण और, बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाली अनुराधा को एक दिन किसी कारणवश बैंक जाने में देरी हो रही थी, वह हड़बड़ा गई। तभी उसे यह भी ध्यान आया कि उसके कपड़े प्रेस नहीं हैं। अनुराधा की यह परेशानी उसके चेहरे पर aझलकने लगी। उसके पति, जो एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं, बिना उसके कुछ कहे ही उसकी हड़बड़ाहट देखकर सब समझ गए और उसके कपड़ों पर प्रेस कर दिए, बिना कुछ कहे-सुने। अपने साथी की उलझन को समझना और उसे मुस्कुराते हुए सुलझा देना ही प्रेम है। अनुराधा को याद नहीं कि कितनी बार जल्दी में वह खाना छोड़कर निकलना चाहती है, तो पति स्वयं तैयार होते-होते भी उसके मुंह में रोटी का कौर रख देते हैं और कहते हैं, 'घर से भूखे नहीं निकलना चाहिए।' यकीनन बहुत सारे लोगों के लिए यह दृश्य बिल्कुल भी सहज नहीं है, क्योंकि आदमी की जो छवि समाज ने गढ़ी है, यह उसके बिल्कुल विपरीत है। पर सच्चा प्रेम यही तो है, बिना किसी की परवाह किए सिर्फ अपने साथी के लिए जीना। जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे को सहारा देना और बिना कुछ कहे एक-दूसरे की पीड़ा को समझना।

प्रेम कब तोड़ता है दम

प्रेम तब दम तोड़ने लगता है, जब हम एक-दूसरे के साथ मुस्कुराना छोड़ देते हैं, एक-दूसरे की परवाह करना छोड़ देते हैं और एक-दूसरे के दर्द को समझने की कोशिश नहीं करते। इसी के साथ जब हमारे भीतर सिर्फ 'मैं' ही प्रमुख हो जाता है, तब रिश्ते के जीवित रहने की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि किताबों में लिखी हुई 'नारी स्वतंत्रता', 'नारी मुक्ति' की परिभाषाएं और समाज द्वारा सिखाई गई 'मर्दानगी' की कहानियां प्रेम की गहराई के सामने टिक नहीं पातीं, क्योंकि प्रेम इन सब से बहुत ऊपर होता है।

प्रेम में 'मैं' नहीं 'हम'

'प्रेम' जीवन है, इसे किसी भी वस्तु से खरीदा नहीं जा सकता, ना ही इसे विवश करके पाया जा सकता है। इसे पाने का केवल एक ही रास्ता है, और वह है 'मैं' का त्याग। तो चलिए प्रेम को जीते हैं और 'मैं' को किसी ऐसी गली छोड़ आते हैं, जो कभी 'हम' तक वापस ना आ सके। a

क्या आप भी अपने बच्चे का हद से ज्यादा ख्याल रखते हैं

कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को बहुत ज्यादा प्रोटेक्ट करते हैं, इस तरह ओवरप्रोटेक्शन से बच्चों का कॉन्फिडेंस कमजोर होता है। वे अपनी छोटी से छोटी प्रॉब्लम से भी घबरा जाते हैं। आपके बच्चे स्ट्रॉन्ग बनकर जीवन में सफल रहें, इसके लिए जरूरी है उन्हें बहुत ज्यादा लाड़-प्यार ना दें, उन्हें सेल्फ डिपेंड बनाएं। यह उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत जरूरी है।

परवरिश

ललिता गोयल

सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं कि उनके बच्चे को कभी भी किसी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। इस चाहत में कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हद से ज्यादा लाड़-प्यार या ओवरप्रोटेक्ट करते हैं। लेकिन इस तरह ओवरप्रोटेक्शन यानी ओवर पैंपरिंग बच्चों को इंडिपेंडेंट बनने से रोक सकती है। आगे चलकर बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हो जाते हैं।

संतुलित रखें अपना लाड़-प्यार: बचपन सिर्फ बच्चों के खेलने, आराम करने और पैरेंट्स की छत्रछाया में सुरक्षित रहने का समय नहीं होता है। यह वह समय भी होता है, जब वे सीखने और मजबूत बनने के प्रोसेस में होते हैं। इस प्रोसेस में अगर हर बार पैरेंट्स बच्चे के लिए सब कुछ कर देंगे, तो बच्चा जीवन के उतार-चढ़ाव को संभालने की क्षमता विकसित नहीं कर पाएगा। बड़ा होकर वह छोटे-छोटे फेलियर से डरने लगेगा या बहुत जल्दी हार मान लेगा, क्योंकि उसने कभी निराशा, इंतजार या संघर्ष को अनुभव ही नहीं किया होता है। कोई भी चीज हद से ज्यादा हो तो फायदे की जगह नुकसान ही पहुंचाती है। इसलिए बच्चों का लाड़-प्यार भी हमेशा संतुलन में होना चाहिए।

बच्चों का विकास रुकता है: बच्चे का ज्यादा ख्याल रखना या ओवर-प्रोटेक्शन, बच्चों के विकास को रोक सकता है। ऐसे बच्चे आत्मनिर्भर नहीं बन पाते, समस्याओं का सामना करने से डरते हैं, चुनौतियों का सामना करने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान माता-पिता द्वारा किए जाने पर बच्चों को अपनी क्षमता पर संदेह होने लगता है। वे भविष्य में मुश्किल परिस्थितियों में घबरा जाते हैं। ऐसे बच्चे हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और अपनी उम्र के अनुसार जिम्मेदारियां नहीं सीख पाते।

प्यार जताएं-बिगाड़ें नहीं: बच्चे को आरामदायक माहौल दें लेकिन उनकी हरेक डिमांड पूरी न करें। उसे 'ना' सुनना भी सिखाएं, क्योंकि हर मांग पूरी करने से बच्चे जिद्दी हो सकते हैं। अपनी मांग पूरी करवाने के लिए वे कोई गलत कदम भी उठा सकते हैं।

जिम्मेदारियां सौंपें-आत्मनिर्भर बनाएं: बचपन से बच्चे को आत्मनिर्भर बनाएं। जब बच्चा खेलने के बाद अपने खिलौने समेटने की कोशिश करे, तो उसे समेटने दें। खुद न समेटें, जब पैरेंट्स बच्चे के सारे काम खुद करते हैं या उसे हर परेशानी से बचाते हैं, तो वह कभी-भी अपनी समस्याएं खुद सुलझाना नहीं सीख पाता। जो बच्चे हमेशा सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे जीवन में छोटी-मोटी हार या असफलता का सामना नहीं कर पाते। इसलिए उनकी उम्र के अनुसार उन्हें घर के छोटे-छोटे काम जैसे पौधों में पानी डालना, फ्रिज में पानी की बोतल भर का रखना खुद करने दें। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

गलतियों से सीखने दें: बच्चों से कोई गलती होने पर उसे बचाने के बजाय उन्हें अपनी बात रखने दें, अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को सही गाइडेंस, इमोशनल सपोर्ट और सीमित आजादी के साथ अपने अनुभवों से सीखने का मौका दें। बच्चों को गलतियां करने दें और उनसे सीखने का मौका दें। प्यार का मतलब केवल सुरक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को उनके आने वाले जीवन के लिए तैयार करना भी होता है।

बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाएं: बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाना भी उतना ही जरूरी है, जितना उन्हें प्यार और सुरक्षा देना, इसलिए पैरेंट्स को बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। a

(साइकोलॉजिस्ट डॉ. श्रुति शर्मा से बातचीत पर आधारित)

मेकअप

नीलोफर

तेजी से हो रहा पॉपुलर नो-मेकअप लुक

उमस भरी गर्मी का यह मौसम स्किन पर भी प्रभाव डालता है। बार-बार होने वाला पसीना और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण चेहरे पर मेकअप टिक नहीं पाता है। इसीलिए इस सीजन के लिए नो-मेकअप लुक का ट्रेंड पॉपुलर हो रहा है।

क्या है नो-मेकअप लुक: नो-मेकअप लुक का मतलब मेकअप बिल्कुल न करना नहीं होता है। इसका मतलब है, त्वचा को इतना स्वस्थ और स्वाभाविक रूप से चमकदार बनाना कि बिना हैवी मेकअप के भी वह आकर्षक दिखाई दे। यह लुक वास्तव में चेहरे की नेचुरल ब्यूटी को उभारता है और त्वचा को सांस लेने का मौका देता है। इसलिए उमस भरी गर्मी और बारिश के दिनों में सुंदर दिखने का सबसे सरल तरीका है, त्वचा की बुनियादी देखभाल पर ध्यान देना। त्वचा साफ, हाइड्रेटेड हो और स्वस्थ हो तो उसे छुपाने के लिए अधिक मेकअप करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

इसलिए हो रहा पॉपुलर: नो-मेकअप लुक इसलिए भी पॉपुलर हो रहा है क्योंकि आज बहुत सारी महिलाएं केवल कॉस्मेटिक्स पर निर्भर रहने की बजाय अपने नेचुरल लुक को स्वीकार करने लगी हैं। जब किसी विशेष अवसर पर थोड़ा मेकअप करना भी हो तो केवल टिंटेड मॉयश्चराइजर, हल्का कॉम्पैक्ट पावडर, मस्कारा और लिप बाम लगाना ही पर्याप्त होता है।

करें प्रॉपर क्लीनिंग: नो-मेकअप लुक के लिए, मेकअप की शुरुआत से पहले चेहरे की सफाई करें। इन दिनों की उमस और आने वाले बारिश के मौसम में भी धूल के साथ नमी, त्वचा के रोमछिद्रों में जमा हो जाती है। इसे हटाने के लिए ऐसा फेशवॉश चुनें, जो त्वचा को साफ करे, लेकिन उसका नेचुरल मॉयश्चर न हटाए। इसके बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। उमस में नमी की कमी होने पर त्वचा और अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर बेहतर विकल्प है।

सनस्क्रीन जरूर लगाएं: अभी तो तेज धूप हो ही रही है, बारिश के मौसम में भी बादलों के पीछे छिपा सूरज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करना चाहिए। यह त्वचा को टैनिंग, पिग्मेंटेशन और समय से पहले बूढ़ा दिखने से बचाती है। सनस्क्रीन नो मेक-अप ग्लो को बरकरार रखने में मददगार होती है।

ये उपाय भी हैं कारगर: इस उमस भरे मौसम में कुछ सरल उपाय से आपको नो-मेकअप लुक कैरी करने में मदद मिलती है। जैसे दही और बेसन का फेस पैक त्वचा की सफाई करता है। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है, जबकि गुलाब जल ताजगी का एहसास देता है। हालांकि किसी भी घरेलू उपाय का उपयोग करने से पहले त्वचा की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। जो उपाय किसी पर अच्छा असर देता है, जरूरी नहीं कि दूसरे पर भी वही परिणाम दे। a

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रेनू अग्रवाल
गायनेकोलॉजिस्ट

बढ़ती उम्र में सभी महिलाओं, खासतौर पर सिंगल वूमेन को अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना चाहिए। आपके भीतर पनप रही किसी बीमारी का शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए, इसके लिए रेग्युलर कुछ चेकअप और टेस्ट कराना जरूरी है। कौन से हैं ये टेस्ट, आपको जरूर जानना चाहिए।

सिंगल वुमेन न बरतें लापरवाही जरूर करवाएं ये मेडिकल टेस्ट

अधिकांश महिलाएं पूरे घर के लोगों की सेहत का ध्यान रखती हैं लेकिन जब अपनी सेहत की देखभाल की बारी आती है तो वे खुद को अकसर इग्नोर करती हैं। फैमिली के साथ रहने वाली महिलाओं का ध्यान रखने के लिए तो फिर भी अन्य सदस्य होते हैं लेकिन सिंगल वुमेन (जो शादी नहीं करतीं या तलाक ले चुकी हैं या विडो हैं) में उम्र बढ़ने पर अकेलेपन के कारण तनाव का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे उनमें कई हेल्थ इश्यूज होने की आशंका तक बढ़ जाती है। इसलिए सिंगल वुमेन को समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट अवश्य करवाते रहना चाहिए ताकि बीमारी का पता चलने पर उसका समय रहते उपचार कराया जा सके।

पैप स्मीयर टेस्ट: यह टेस्ट सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय के कैंसर का पता लगाने के लिए सबसे प्राथमिक और प्रभावी तरीका होता है। इस टेस्ट को 21 वर्ष की आयु के बाद हर 3 साल में जरूर करवाना चाहिए।

बोन डेंसिटी टेस्ट: बोन डेंसिटी टेस्ट में एक विशेष प्रकार के एक्स-रे के द्वारा स्पाइन, कलाइयों, कूल्हों की हड्डियों की डेंसिटी मापकर इनकी शक्ति का पता लगाया जाता है ताकि हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से पहले ही उनका उपचार किया जा सके।

ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग-मैमोग्राम : इस टेस्ट से ब्रेस्ट कैंसर होने का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट को 40 वर्ष की आयु से हर 1 या 2 साल में डॉक्टर की सलाह पर करवाना चाहिए। इस टेस्ट में क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (सीबीई) में स्तन कैंसर की जांच की जाती है।

ब्लड प्रेशर टेस्ट: हार्ट को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लड प्रेशर 140/90 से अधिक है तो दिल पर दबाव पड़ता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी फेल होने की आशंका बढ़ जाती है। यह टेस्ट साल में 1 बार जरूर कराएं।

थायरॉइड फंक्शन टेस्ट: महिलाओं में थायरॉइड असंतुलन की समस्या बहुत आम है, जिससे उनका वजन, मूड और पीरियड्स प्रभावित होते हैं। यह टेस्ट साल में एक बार करवाना चहिए।

ब्लड शुगर टेस्ट: 35 वर्ष की उम्र के बाद हर 3 साल में सिंगल वुमेन को फास्टिंग ब्लड शुगर और एचबीए1सी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इस टेस्ट से रक्त में शुगर के स्तर का पता लगाया जाता है।

ओवेरियन सिस्ट टेस्ट: पेट के निचले हिस्से में दर्द, अनियमित मासिक धर्म, पीरियड्स के दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग हो तो ओवेरियन सिस्ट का टेस्ट कराना चाहिए। छोटे आकार के सिस्ट अपने आप ठीक हो जाते हैं। सिस्ट 1 इंच से बड़ा हो तो ओवेरियन कैंसर होने की आशंका होती है।

कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट: इस टेस्ट से दिल की बीमारियों की चपेट में आने की संभावना का पता चलता है। यह टेस्ट 3 वर्ष में 1 बार करा लेना चाहिए। रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य से अधिक आता है, तो हर 6 से 12 महीने में यह टेस्ट कराना चाहिए। a

प्रस्तुति: ललिता गोयल

स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा

यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल

मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।

जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल

मियामी गार्डन्स। अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।

ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक

बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

खबर संक्षेप



यामाशिता ने खिताब जीता 24वें स्थान पर अदिति

बेलमोंट। भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पार था, जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया। अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं।

इंग्लिश ओपनः संयुक्त 12वें स्थान पर तलवार

वॉरसेस्टरशर। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। तलवार मामूली अंतर से शीर्ष 10 में जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 अंडर रहा और वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे रहे। अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाने वाले तलवार को शीर्ष 10 में जगह बनाने के लिए अंतिम होल में एक बर्डी की जरूरत थी लेकिन वह पार का स्कोर ही बना पाए। इस साल भारत में तलवार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीजीटीआई ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहना रहा है। अमेरिका के जॉन कैटलिन (67) ने प्ले ऑफ में नॉर्वे के क्रिस्टियन क्रोग योहानसेन (66) को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों का स्कोर 18 अंडर रहा था जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पांच शॉट बेहतर था।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम

प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।

आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी

एजेंसी ▶▶| एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं।

आज से यूएस ओपन

अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा।

एफआईएच प्रो लीग : एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद पहली बार होगा आमना-सामना

जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे।

उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है 9 टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है।

महिला खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए। अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके पीयूषः प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

हाईकोर्ट ने दिया ओबीसी मेरिट के आधार पर पुनर्विचार के निर्देश

दिव्यांग कोटे से बाहर हुए शिक्षक की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती के एक महत्वपूर्ण मामले में दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थी की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर जिला शिक्षा अधिकारी, दमोह को प्रकरण पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि अभ्यर्थी बिना दिव्यांग आरक्षण के भी ओबीसी मेरिट के आधार पर चयन योग्य था, तो उसकी सेवा समाप्ति उचित नहीं मानी जा सकती। मामला दमोह निवासी राहुल पटेल से जुड़ा है, जिनकी नियुक्ति 30 मार्च, 2023 को प्राथमिक शिक्षक के रूप में ओबीसी-दिव्यांग श्रेणी में हुई थी। नियुक्ति के बाद दिव्यांगता की पुनः जांच में

उन्हें 40 प्रतिशत से कम दिव्यांग पाया गया। इसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 24 जून 2024 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता हितेंद्र कुमार गोह्वानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राहुल पटेल की ओबीसी मेरिट रैंक 2417 तथा प्राप्तांक 108.68 हैं। विभाग ने उनसे कम अंक प्राप्त अनेक अभ्यर्थियों को ओबीसी वर्ग में नियुक्त किया है। ऐसे में उन्हें ओबीसी (ओपन) श्रेणी में समायोजित किया जाना चाहिए था।

सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय के सौरभ यादव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ तथा आर.के. सभरवाल बनाम पंजाब राज्य मामलों का हवाला देते हुए बताया गया कि वर्टिकल और हारिजान्टल आरक्षण के सिद्धांतों के अनुसार यदि अभ्यर्थी सामान्य अथवा अपनी सामाजिक श्रेणी की मेरिट से चयनित हो सकता है तो उसे विशेष आरक्षण कोटे की सीट पर नहीं गिना जा सकता। हाई कोर्ट ने सेवा समाप्ति आदेश निरस्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि राहुल पटेल के मामले का मेरिट के आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया जाए तथा पात्र पाए जाने पर नियमानुसार नया आदेश पारित किया जाए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

जबलपुर। पनागर थानान्तर्गत कल एनएच-30 मार्ग पर ग्राम बघेली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए जांच में लिया गया है। पनागर पुलिस ने बताया कि नई बस्ती कंदराखेड़ा परियट निवासी अनिल दाहिया कल सुबह लगभग पांच बजे अपने घर पर था तभी पड़ोस में रहने वाली पूर्वी यादव ने उसे आकर बताया कि उसके पिता प्रदीप यादव का भाग्यश्री होटल एनएच 30 बघेली के पास एक्सीडेंट हो गया है अनिल ने मौके पर जाकर देखा कि प्रदीप यादव सडक़ किनारे मृत हालत में पड़े थे सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

हाईकोर्ट ने कहा

खाते का नाम बदलने से चेक अमान्य नहीं होता

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि केवल खाते का शीर्षक (टाइटल) बदल जाने से पहले जारी चेक अमान्य नहीं हो जाते। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ बैंक ऑफ इंडिया की रिट अपील खारिज कर दी। मामला दो एक-एक लाख रुपये के चेकों के अनादर से जुड़ा था, जिन्हें बैंक ने टाइटल ऑफ अकाउंट मॉडिफाइड टिप्पणी के साथ लौटा दिया था। अदालत ने पाया कि खाते में परिवर्तन के समय बैंक ने पुराने चेक न तो वापस लिए और न ही उन्हें निरस्त किया। ऐसे में केवल खाते का नाम बदलने के आधार पर भुगतान रोकना उचित नहीं था। खंडपीठ ने कहा कि यह बैंक की सेवा में कमी है तथा चेक धारक भी बैंकिंग सेवा का उपभोक्ता है।

संदिग्ध मौत व संवेदनशील आपराधिक मामलों में निष्पक्ष जांच और सुनवाई जरूरी : हाई कोर्ट

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के दो हालिया आदेशों ने स्पष्ट किया है कि संदिग्ध मौत और संवेदनशील आपराधिक मामलों में निष्पक्ष जांच तथा सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर न्याय प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। टीकमगढ़ के आकाश शुक्ला मौत प्रकरण में जस्टिस हिमांशु जोशी की बेंच ने फिलहाल सीबीआई जांच का आदेश देने से इनकार करते हुए जांच की निगरानी की जिम्मेदारी जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपी। अदालत ने कहा कि यदि जांच की निष्पक्षता पर भविष्य में प्रश्न उठते हैं तो याचिकाकर्ता पुनः न्यायालय आ सकती हैं। वहीं, सागर के चर्चित नीलेश आदिवासी मौत मामले में हाईकोर्ट ने एसआईटी की क्लोजर रिपोर्ट अस्वीकार करने वाले विशेष अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि संबंधित पक्षों को सुने बिना पारित आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

हाई कोर्ट ने पुलिस को पेश करने के दिए निर्देश

पत्नी को नाबालिग बताकर मायके में बंधक रखने का आरोप

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पत्नी को नाबालिग बताकर उसके पिता द्वारा मायके में बंधक बनाकर रखे जाने के आरोपों से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर महिला को पेश करने के निर्देश दिए हैं। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने महिला के पिता को नोटिस जारी कर जवाब भी तलब किया है। सतना निवासी विष्णुदत्त शर्मा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया कि उसने अनावेदक शिवचरण शर्मा की पुत्री से प्रेम विवाह किया है। विवाह के बाद लड़की के पिता ने उसे नाबालिग बताते हुए याचिकाकर्ता के विरुद्ध पुलिस में मामला दर्ज करा दिया। याचिका में आरोप लगाया गया कि लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध मायके में रोककर रखा गया है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसकी पत्नी बालिग है। इसके समर्थन में उस अस्पताल के अभिलेख प्रस्तुत किए गए, जहां उसका जन्म हुआ था। याचिका के अनुसार स्कूल रिकार्ड में उम्र दो वर्ष कम दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर उसे नाबालिग बताया जा रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि दोनों ने मंदिर में विधिवत विवाह किया है और पति-पत्नी के रूप में रहना चाहते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240